फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 53, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 17 मार्च 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## शपथग्रहण: अब 'भगवंत' के भरोसे पंजाब

### राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने शहीद भगत सिंह के गांव खटकड़ कलां में भगवंत मान को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई

**चंडीगढ़:** आम आदमी पार्टी विधायक दल के नेता भगवंत मान ने बुधवार को पंजाब के 17वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने शहीद भगत सिंह के गांव खटकड़ कलां में भगवंत मान को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान खटकड़ कलां पूरी तरह से बसंती रंग में रंगा नजर आया। भगवंत मान की अपील के अनुसार लोग बसंती रंग की पगड़ी पहनकर पहुंचे। समारोह स्थल पर तीन मंच तैयार किए गए। एक मंच पर पंजाब के नवनिर्वाचित विधायक, दूसरे पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के अलावा दिल्ली सरकार के कई मंत्री तथा विधायक मौजूद रहे। केजरीवाल समेत मंच पर मौजूद तमाम नेता बसंती रंग की पगड़ी पहने थे। तीसरे और मुख्य मंच पर पंजाब के राज्यपाल और भगवंत मान के अलावा पंजाब के मुख्य सचिव अनिरुद्ध तिवारी और मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव वेणु प्रसाद मौजूद रहे। शपथ ग्रहण के लिए राज्यपाल ने दोपहर 12:30 बजे का समय निर्धारित किया था। राज्यपाल पुरोहित समारोह स्थल पर दोपहर करीब 12 बजे पहुंच गए थे। उन्होंने शहीद भगत सिंह मेमोरियल पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल को करीब 45 मिनट भगवंत मान का इंतजार करना पड़ा। बताया गया कि विजिबिल्टी के कारण भगवंत मान का हेलीकाप्टर देरी से पहुंचा। मुख्यमंत्री



भगवंत मान ने पंजाबी में शपथ ग्रहण की। शपथ लेने के बाद भगवंत मान ने इंकलाब जिंदाबाद का नारा लगाया। समारोह में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन, गोपाल राय समेत मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह में पंजाब के प्रसिद्ध लोकगायक गुरदास मान, कॉमेडियन करमजीत अनमोल के अलावा कांग्रेस सासंद एवं लोकगायक मोहम्मद सद्दीक का पहुंचना चर्चा का विषय बना रहा।

शपथ ग्रहण के बाद मान ने कहा कि शहीदों को सिर्फ कुछ ही तारीख में क्यों याद किया जाता है?। हमें हर रोज उनके बताए रास्तों पर चलना चाहिए। उन्होंने आम आदमी पार्टी के नेताओं और वर्करों को कहा कि अहंकार बिल्कुल नहीं करना है। उन्होंने कहा कि मुझे इस तरह की खबर नहीं आनी चाहिए। मान ने केजरीवाल की तारीफ की और उनके लिए तालियां भी बजवाईं।

**बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, खेती, व्यापार, स्कूल, अस्पताल सबको ठीक करेंगे:** मान ने कहा कि वक्त और पब्लिक बहुत बड़ी चीज है। वह आदमी को अर्श से फर्श पर लाने में देरी नहीं करते। मान ने कहा कि बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, खेती, व्यापार, स्कूल, अस्पताल सबको ठीक करेंगे। उन्होंने कहा कि यहीं रहकर हम पंजाब का भला करेंगे। मान ने कहा कि हम जनता के जैसे हैं और जनता बनकर ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सिलेबस में पढ़ाया जाएगा कि लोगों ने बिना किसी लालच के 20 फरवरी 2022 को वोट डालनी शुरू की थी।

**खराब मौसम से शपथ ग्रहण में हुई देरी:** भगवंत मान ने 12.30 बजे शपथ लेनी थी लेकिन 50 मिनट की देरी से स्टेज पर पहुंचे। अफसरों के मुताबिक खराब मौसम की वजह से उन्हें खटकड़ कलां पहुंचने में देरी हुई। इस दौरान अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया भी मंच पर बसंती पगड़ी पहने नजर आए। दिल्ली सरकार के मंत्री स्टेज पर नजर आए। मान का शपथ ग्रहण समारोह शहीद भगत सिंह के पैतृक गांव खटकड़ कलां में होने की भी दिलचस्प वजह है। 2011 में यहीं से पंजाब के सफल कॉमेडियन रहे भगंवत मान ने सियासी जीवन शुरू हुआ था। भगवंत मान की अपील के बाद उनके समर्थक बसंती रंग की पगड़ी और दुपट्टा ओढ़कर समारोह में पहुंचे।

## पंजाब को सुधारने के लिए पंजाबवासी करें सहयोग: भगवंत मान

**चंडीगढ़:** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सूबे को सुधारने के लिए पंजाबवासियों से सहयोग मांगा है। मुख्यमंत्री बनने के बाद खटकड़ कलां में पहले भाषण में भगवंत मान ने कहा कि पंजाब इस समय बुरी तरह से उलझा हुआ है। इसे सुलझाने के लिए पंजाबवासियों के सहयोग की जरूरत है। शपथ ग्रहण समारोह से राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित के रवाना होने के बाद भगवंत मान ने कहा कि भगत सिंह के गांव से शपथ लेने का सपना आज साकार हुआ है। पंजाबवासियों ने आम आदमी पार्टी को एकतरफा जीत दिलाकर इतिहास रच दिया है। अब सरकार पंजाब के स्कूलों और अस्पतालों को सुधारकर इतिहास रचेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब के अस्पताल और स्कूल इतने बेहतर बनाएंगे कि विदेश से लोग यहां आकर स्टडी करेंगे। मुख्यमंत्री ने पंजाब के युवाओं से रूबरू होते हुए कहा कि पलायन को रोकना सबसे बड़ी चुनौती है। पंजाब में रहकर ही पंजाब को संवारने वाली सोच युवाओं में पैदा करनी जरूरी है। भगवंत मान ने कहा कि भगत सिंह को देश की आजादी को लेकर फिक्र नहीं थी। उन्हें चिंता थी कि आजादी के बाद देश किन हाथों में जाएगा।

## गोवा के मुख्यमंत्री पद पर प्रमोद सावंत को मिलेगा दूसरा कार्यकाल



**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गोवा के नये मुख्यमंत्री के लिये प्रमोद सावंत के नाम पर सहमति दे दी है। विधायक दल की बैठक में सावंत के नाम पर मुहर लगाई जायेगी। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय नेतृत्व ने गोवा के मुख्यमंत्री सावंत को दूसरा कार्यकाल देने का फैसला किया है। हालांकि, इसकी आधिकारिक घोषणा विधायक दल की बैठक के बाद की जायेगी। दिल्ली पहुंचे सावंत को भाजपा नेतृत्व की ओर से इस बारे में संकेत कर दिया गया है। विधानसभा चुनाव में सफलता के बाद भाजपा नेतृत्व ने विधायक दल का नेता चुने जाने के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक की नियुक्ति कर दी है। कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर और केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन को राज्य के लिए पर्यवेक्षक और सह-पर्यवेक्षक बनाया गया है। होली के बाद पर्यवेक्षक गोवा जायेंगे और नये मुख्यमंत्री के चयन की प्रक्रिया पूरी करायेंगे।

## लोकसभा स्पीकर के ऑफिस अटेंडेंट से बाइक सवार बदमाशों ने की लूटपाट

**नई दिल्ली:** उत्तर पश्चिमी जिले के महेन्द्रा पार्क इलाके में संसद में लोकसभा के स्पीकर के ऑफिस में अटेंडेंट की नौकरी करने वाले एक व्यक्ति की बाइक रोककर गर्दन घोटू गैंग ने गर्दन दबाकर फोन, नकदी, आईकार्ड व पास लूट लिया। वारदात के बाद आरोपित मौके पर से फरार हो गए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक सेक्टर-18 रोहिणी में रहने वाले शिकायतकर्ता अमित ने पुलिस को बताया कि वह अपने छोटे भाई के साथ रहता है। वह मूलरूप से कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) का रहने वाला है। बीती रात सवा 12 बजे संसद खत्म हुई थी। रात करीब दो बजे ड्यूटी खत्म करने के बाद वह अपने साथी को बाइक से हैदरपुर मैट्रो स्टेशन के पास उतारा था। साथी अपनी बाइक लेकर नरेला की तरफ चला गया था। जबकि वह जब घर जाने के लिये मधुबन चौक से मुकरबा चौक की तरफ जाने वाले रोड से रेलवे लाईन के नीचे से जा रहा था। तभी बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसको पीछे से पकड़ लिया। एक ने उसकी गर्दन दबा दी। जिससे उसको सांस लेने में काफी दिक्कत होने लगी। उसकी सांस रूकने लगी। उसकी अधमरी हालत हो गई। आंखों के सामने अंधेरा सा छाने लगा। एक अन्य बदमाश ने उसकी जेब से उसका फोन, डेढ हजार रुपये, लोबी पास निकाल लिया। तीनों लडके बाइक से मुकरबा चौक की तरफ भाग गए। जिसके बाद किसी तरह से उसने अपने छोटे भाई को वारदात की जानकारी दी। भाई ने पुलिस कंट्रोल रूम को वारदात की जानकारी दी। जिन्होंने मौके पर पहुंचकर उसके बयान दर्ज किये।

## सऊदी अरब के स्कूलों में खेल पाठ्यक्रम का हिस्सा बनेगा योग

**रियाद:** भारत में योग को लेकर कुछ मुस्लिम धर्मगुरु भले ही बीच-बीच में विरोध के स्वर मुखर करते रहते हों, किन्तु मुस्लिम देश सऊदी अरब के स्कूलों में अब योग बच्चों की पढ़ाई का हिस्सा बनने जा रहा है। सऊदी अरब सरकार ने योग को देश के विद्यालयों में खेल पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने की मंजूरी दे दी है। बीते कुछ वर्षों से योग ने दुनिया भर के लोगों को आकर्षित किया है। अब सऊदी अरब भी योग का कायल नजर आ रहा है। सऊदी योग समिति के अध्यक्ष नौफ अल-मरवाई ने कहा कि योग मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण और फलदायी साबित हुआ है। ऐसे में योग को सऊदी अरब के सभी स्कूलों में खेल पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में शामिल करने का फैसला लिया गया है। सऊदी सरकार ने नवंबर 2017 में ही योग को खेल गतिविधि के रूप में मान्यता दी थी। उसके बाद से सऊदी अरब में लाइसेंस लेकर योग का प्रशिक्षण सुगम हो गया था। सऊदी अरब प्रशासन के मुताबिक देश के शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से योग के अनेक स्वास्थ्य लाभों के कारण इसे पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। बीते दिनों सऊदी योग समिति व सऊदी स्कूल स्पोर्ट्स फेडरेशन के बीच योग को लेकर शुरूआती विचार-विमर्श हो चुका है। इस विमर्श में शामिल विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने योग के समर्थन में अपनी राय रखी। वे सभी योग को खेल के रूप में स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल होने पर सहमत दिखे, ताकि बच्चों को स्वास्थ्य लाभ हो सके।

## कोरोना टीकाकरण के लिए ग्रामीण इलाकों में जन जागरूकता की आवश्यकता: उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली:** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने बुधवार को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के मौके पर देशभर में 12-14 आयु वर्ग के बच्चों के कोविड-19 टीकाकरण और 60 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों को एहतियाती डोज लगाए जाने की शुरूआत पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने सभी लोगों विशेषकर ग्रामीण इलाकों में टीकाकरण के लिए जन जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता बताई है। उपराष्ट्रपति नायडू ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा, बहुत हर्ष का विषय है कि आज राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर, 12 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए कोविड टीकाकरण कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा, केंद्र और राज्य सरकारों के परस्पर सहयोग से एवं देश के स्वास्थ्य-कर्मियों व वैक्सीन निमार्ताओं के सम्मिलित प्रयासों से, टीके की 180 करोड़ खुराकें लगा कर, देश ने कोविड के विरुद्ध अभियान में अप्रतिम सफलता प्राप्त की है।

## रेलवे ने 2014 से अबतक तकरीबन पांच लाख लोगों को दी नौकरी: रेलमंत्री

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार के गठन के बाद से रेलवे में अबतक तकरीबन पांच लाख युवाओं को नौकरी दी गई है। लोकसभा में बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान पूछे गए एक अनुपूरक प्रश्न के जवाब में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के गठन के बाद से अब तक 3,44,646 लोगों को नौकरी दी गई और 1,40,713 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है।
वैष्णव ने कहा कि ज्यादा से



ज्यादा लोगों को रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और सारी नियुक्तियों में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है।
सुनील कुमार मंडल के पूछे सवाल का जवाब देते हुए रेल मंत्री ने आगे कहा कि रेलवे में लगातार भर्तियां हो रही हैं और इसके लिए विशेष अभियान चलाने की जरूरत नही पड़ रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2009 में विशेष भर्ती अभियान रेलवे ने चलाया था क्योंकि उस वक्त नियुक्तियां बाधित हुई थी।

## हिजाब पर फैसले को चुनौती, सुप्रीम कोर्ट 21 को कर सकता है सुनवाई

**नई दिल्ली:** कर्नाटक हिजाब मामले पर वकील संजय हेगडे ने सुप्रीम कोर्ट में जल्द सुनवाई की मांग की। उन्होंने चीफ जस्टिस एनवी रमना की अध्यक्षता वाली बेंच से कहा कि परीक्षाएं हैं, छात्राओं को स्कूल जाने में समस्या हो रही है। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि छुट्टियों के बाद देखेंगे। तब हेगड़े ने कहा था कि कम से कम 21 मार्च को मामले की सुनवाई हो। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि हम देखेंगे। कर्नाटक की दो छात्राओं ने हिजाब मामले पर कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इस मामले में हिंदू सेना के नेता सुरजीत यादव ने भी कैविएट दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट से हाईकोर्ट के फैसले पर रोक का एकतरफा आदेश न देने की मांग की है।

## डोनबास में यूक्रेनी सैनिको की गोलाबारी

### भाजपा सांसदों से कहा- आपके बच्चों के टिकट मेरी वजह से कटे

**कीव:** यूक्रेन पर रूस के हमले के 21वें दिन भी दोनों देशों के बीच भीषण संघर्ष जारी है। डोनबास में यूक्रेन की ओर से ताबड़तोड़ गोलाबारी की गयी। वहीं मारियुपोल में रूसी सैनिकों ने पांच सौ से अधिक लोगों को बंधक बना लिया है। तमाम अंतरराष्ट्रीय कोशिशों एवं ऑनलाइन वाताओं के बावजूद भारतीय समय के अनुसार बुधवार दोपहर तक रूस और यूक्रेन के बीच जोरदार गोलीबारी जारी है। दोनेत्स्क पीपुल्स रिपब्लिक की ओर से दावा किया गया है कि डोनबास में यूक्रेन की सेना की ओर से लगातार गोलाबारी की गयी। यूक्रेन की ओर से 10 मोटार्ड दागे गये।



यह दावा किया गया है कि यूक्रेन की सेना ने युद्ध में अबतक 14 हजार रूसी सैनिकों को मार गिराया है। यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खेरसान पर रूस ने कब्जा कर लिया था। अब यूक्रेन खेरसान पर भी हमला कर रहा है। खेरसान अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर यूक्रेनी सेना ने रूस के हेलीकॉप्टरों पर जोरदार हमला बोला। हमले के बाद उसकी सैटेलाइट तस्वीरें भी जारी की गई हैं। यूक्रेन की ओर से किए गए हमले में कम से कम तीन हेलीकाप्टरों और सैन्य वाहनों को नष्ट कर दिया गया।

## सुप्रीम कोर्ट ने वन रैंक वन पेंशन लागू करने के सरकार के तरीके को सही ठहराया

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सेना में वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) को लागू करने के केंद्र सरकार के तरीके को सही ठहराया है। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये फैसला सुनाया। कोर्ट ने 23 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। 23 फरवरी को सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से कहा गया था कि 17 फरवरी 2014 को वित्त मंत्री का दिया गया भाषण केंद्रीय कैबिनेट की अनुशंसाओं के आधार पर नहीं था।

## 'कोविड के कारण धीमी पड़ी पीएमएवाई-जी की गति'

**नई दिल्ली:** ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजना ज्योति ने कहा कि कोरोना की मार से कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहा है। मंत्री ने बुधवार को राज्यसभा में पूछे गए एक लिखित सवाल के जवाब में कहा कि कोरोना के चलते प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के निर्माण कार्य प्रभावित रहा है। मंत्री ने कहा कि इस योजना के लाभार्थियों को 2.28 करोड़ मकानों का आवंटन किया





गया था लेकिन 09 मार्च 2022 तक 1.75 करोड़ मकानों का निर्माण पूरा हो पाया है। पीएमएवाई-जी के लाभार्थियों को भवन निर्माण के लिए 12 महीने का समय दिया जाता है। इस योजना के तहत तीन किस्तों में लाभार्थियों को पैसे दिए जाते हैं। मंत्री ने कहा कि कोविड महामारी के कारण राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के दौरान पीएमएवाई-जी के अंतर्गत मकानों के निर्माण सहित सभी निर्माण कार्यकलाप भी प्रभावित हुए। इससे पीएमएवाई-जी के मकान निर्माण की गति धीमी हुई है। हालांकि इन कार्यों में तेजी लाने के लिए केन्द्र और राज्य सरकारें प्रयासरत हैं। केन्द्र सरकार समय-समय पर इस योजना की समीक्षा कर रही है।

## मणिपुर के सीएम पद पर एन. बीरेन को मिलेगा दूसरा कार्यकाल



**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मणिपुर के मुख्यमंत्री पद के लिए एन. बीरेन सिंह के नाम पर सहमति जता दी है। विधायक दल की बैठक में एन. बीरेन सिंह के नाम पर मुहर लगाई जाएगी। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय नेतृत्व ने एन. बीरेन सिंह के नाम पर अपनी सहमति दे दी है।

पार्टी ने उन्हें बतौर मुख्यमंत्री दूसरा कार्यकार देने का मन बना लिया है। केंद्रीय पर्यवेक्षक वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और कानून मंत्री किरेन रिजिजू के उपस्थिति में विधायक दल की बैठक में सिंह को नेता चुने जाने की औपचारिकता पूरी की जाएगी। मणिपुर विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। चुनाव नतीजों के बाद से मोदी के साथ उनकी यह पहली मुलाकात है। प्रधानमंत्री मोदी ने मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया, एन बीरेन सिंह से मुलाकात की और हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में भाजपा मणिपुर की शानदार जीत पर उन्हें बधाई दी। हमारी पार्टी मणिपुर के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए और अधिक मेहनत करने के लिए प्रतिबद्ध है। बीरेन सिंह ने ट्वीट किया, मुझे आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने का सौभाग्य मिला। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में, मणिपुर ने शांति और विकास देखा है, जिसके लिए राज्य के लोग तरस रहे थे। लोगों की सेवा के लिए मोदी जी का जोश हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा।

## 12-14 आयु वर्ग के बच्चों का कोविड टीकाकरण शुरू

**लखनऊ:** कोरोना से बचाव के लिए 12-14 आयु वर्ग के बच्चों का टीकाकरण बुधवार से शुरू हो गया। इस विशेष मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिविल अस्पताल पहुंचकर टीका लगवाने आए बच्चों से भेंट की और उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सदी की सबसे बड़ी महामारी कोरोना के खिलाफ भारत पूरी मजबूती से लड़ रहा है। दुनिया ने भारत के कोविड प्रबंधन की न केवल मुक्त कंठ से प्रशंसा की है बल्कि अपनाया भी है। उत्तर प्रदेश की स्थिति की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना के खिलाफ ट्रेसिंग, टेस्टिंग, ट्रीटमेंट और टीकाकरण की '4टी'



नीति को हमने ईमानदारी से लागू किया, नतीजा उत्तर प्रदेश में कोविड पर प्रभावी नियंत्रण है। वर्तमान में एक्टिव केस की संख्या 1000 से भी कम रह गई है। टेस्ट, ट्रेस, और टीका में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि तीसरी लहर कब शुरू हुई और कब समाप्त हो गई, पता ही न चला और अब जबकि विशेषज्ञ चौथी लहर की आशंका जता रहे हैं, तब भी प्रदेश पूरी मजबूती के साथ लड़ाई के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में अब तक 29 करोड़ 54 लाख वैक्सीन की डोज दी जा चुकी है। 103 प्रतिशत से अधिक वयस्क लोगों ने पहली खुराक प्राप्त कर ली है, जबकि 82 फीसदी लोगों को दोनों डोज मिल चुकी है। इसी प्रकार, प्रिकॉशन डोज के लिए पात्र फ्रंट लाइन वर्कर, पुलिसकर्मी, गंभीर रोग से ग्रस्त लोगों में से 97 प्रतिशत लोगों को टीका लग चुका है। जबकि 15-17 आयु वर्ग में एक करोड़ 29 लाख 22 हजार से अधिक यानी 92 प्रतिशत किशोरों ने टीके की पहली खुराक ले ली है।

65 लाख 50 हजार यानी 47 फीसदी किशोर टीके की डबल डोज के सुरक्षा कवर में हैं। योगी ने टीकाकरण कार्यक्रम को चरणबद्ध ढंग से आगे बढ़ाते हुए 12-14 आयु वर्ग के बच्चों का वैक्सीनेशन शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार भी जताया।

## वामपंथी उग्रवाद की घटनाओं में आई कमी: गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) संबंधी हिंसा की घटनाओं में 77 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2009 में सबसे अधिक 2258 घटनाएं हुई थी और यह कम होकर वर्ष 2021 में 509 रह गई हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में पूछे गए एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी देते हुए कहा कि आम नागरिकों और सुरक्षा बलों की मौतों में भी 85 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2010 में सर्वाधिक 1005 मौतें हुई थी और वर्ष 2021 में इनकी संख्या घटकर 47 हो गई।

## खबर संक्षेप

### फिर आचार संहिता, रोके गए सभी काम

**प्रयागराज।** एमएलसी चुनाव को लेकर लागू आचार संहिता के कारण सभी प्रस्तावित विकास कार्य रोक दिए गए हैं। प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने सरोजनी नायडू मार्ग, महर्षि दयानंद मार्ग के सुंदरीकरण की प्रक्रिया रोक दी है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए इसी महीने होने वाली बजट पर पीडीए बोर्ड की बैठक टाल दी गई है। अब अनुपूरक बजट पेश होगा। इसमें बोर्ड के पार्षद सदस्य भाग नहीं ले सकेंगे। आचार संहिता समाप्त होने के बाद पूर्ण बजट बोर्ड में रखा जाएगा। नगर निगम ने भी 15वें वित्त से प्रस्तावित कामों की टेंडर प्रक्रिया रोक दी है। कई सड़कों का लोकार्पण स्थगित कर दिया गया है। जलकल विभाग के परिसर में नव निनर्मित सीओ कार्यालय का लोकार्पण टाल दिया गया है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद शहर का बजट मिनी सदन में पेश किया जाएगा।

# नकल विहीन परीक्षा कराने को डीएम व एसएसपी ने जीआईसी में बने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश





राजकीय इण्टर कालेज में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद परीक्षा वर्ष 2022 के सकुशल एवं नकल विहीन कराने के दृष्टिगत कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज में बनाये गये कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। परीक्षा केन्द्रों के निगरानी हेतु कन्ट्रोल रूम में 20-20 परीक्षा केन्द्रों को सी0सी0टी0वी0कैमरा के माध्यम से केन्द्रों के पर्यवेक्षण करने हेतु लगा हुआ संचालित पाया गया जिसके माध्यम से परीक्षा केन्द्र बी0बी0एस0 इण्टर कालेज, शिवकुटी प्रयागराज, राम चरन इण्टर कालेज लेड़ियारी कोरांव प्रयागराज तथा राजकीय इण्टर कालेज प्रयागराज आदि परीक्षा केन्द्रों की गतिविधियों का सी0सी0टी0वी0 कैमरे के माध्यम से अवलोकन करने पर सही पाया गया है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि कन्ट्रोल रूम में 03 बड़े स्क्रीन और लगाये जाय जिसमें 50-50 विद्यालयों की मानिटरिंग एक साथ प्रदर्शित हो सके। इसके पश्चात जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रश्नपत्रों के रख-रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था की जॉच की गयी तथा स्ट्रांग रूम तथा मुख्य संकलन केन्द्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को बरामदे में चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिये तथा स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में लगाये गये पुलिस कर्मियों को और बढ़ाने के निर्देश दिये है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षण कार्यालय की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये है तथा कण्ट्रोल रूम संचालित हो रही, स्क्रीन आदि को भी चेक किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा- महिला दिवस

### शिवबालक सिंह इंटर कॉलेज में 12 वी कक्षा के छात्र - छात्राओं का विदाई समारोह संपन्न



**करछना।** तहसील क्षेत्र के बरामार गांव स्थित शिवबालक सिंह इंटर कॉलेज में बुधवार को यूपी बोर्ड के इंटर के परीक्षार्थियों का विदाई समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच हुआ । समारोह में 11वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने 12वीं कक्षा के छात्र - छात्राओं के मस्तक पर तिलक लगाकर आपस में गले भी लगे । इस अवसर पर एक दूसरे की आंखें भी नम हो गई। साथ ही साथ यूपी बोर्ड के परीक्षार्थियों ने गुरुजनों का चरण स्पर्श करके आशीर्वाद भी लिया। इस अवसर पर मौजूद रहे कालेज के प्रबंधक रणविजय सिंह व प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह ने बोर्ड के सभी परीक्षार्थियों को अच्छे अंकों में उत्तीर्ण होने का आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कालेज के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं लोग मौजूद रही।

### बी एल सिंह इंटर कालेज में जमकर खेली होली एक दूसरे की दी बधाई



**घूरपुर।** क्षेत्र के पूरेखगन गांव स्थित बी एल सिंह इंटर कालेज के छात्रों ने बुधवार के दिन कालेज परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन कर जमकर होली खेली। छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली का आनंद लिया। और एक दूसरे को बधाई शुभकामनाए दी। विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं को गुलाल लगाकर और उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। कॉलेज संचालक पुष्पराज सिंह व प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने सभी को होली की शुभकामनाएं भी दी।संचालक पुष्पराज सिंह ने कालेज के शिक्षकों सहित कर्मचारियों को उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दिए। प्रधानाचार्य विनय कुमार शर्मा ने छात्रों को होली का महत्व बताया।शिक्षक जगत बहादुर पटेल, ऋषभ शर्मा, नारेंद पटेल, कोमल पांडेय, अर्चना, रेनू सिंह, आंचल गौड़, आदि शिक्षक शामिल रहे।

### ए के फातमा इंटरप्राइजेज का पूर्व प्रमुख करछना विजय राज सिंह नें किया उद्घाटन



**करछना।** सभी प्रकार के सामानों के लिए उपयोगी सभी वस्तुओं की जरूरत में एके फातमा इंटरप्राइजेज आपके सुविधा के लिए सदैव तत्पर हैं, उक्त बातें करछना के पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय राज सिंह नें बुधवार को नैनी के मेवा लाल बगिया पर एके फातमा इंटरप्राइजेज के उद्घाटन के दौरान कहीं इस मौके पर उद्घाटन में बहुत से लोग उपस्थित रहे , डाक्टर गुलाम मुस्तफा, सेबिया सिद्दीकी ने कहा कि हम मार्केट में सबसे अच्छा सबसे सस्ता की कंपनी हमारे पास उपलब्ध है और सेबिया सिद्दीकी ने कहा कि नैनी क्षेत्र में जो सामान मैं दे दूंगी वह सामान आपको पूरे नैनी मार्केट में नहीं मिलेगा इस मौके पर कायनात फातिमा, परवीन बानो, मोहम्मद फैसल आफताब आलम, विक्की गोपाल शेर बहादुर सिंह आमिर आदि लोग मौजूद रहे।

# साइकिल सवार अधेड़ की अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे चौराहे के समीप भोपतपुर गांव के सामने मंगलवार देर रात अधेड़ व्यवसाई की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कागजी कार्रवाई करते हुए पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थरवई थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव निवासी करामत अली 55 वर्ष पुत्र स्व. पीर मोहम्मद सहसों बाईपास पर स्वर्ण आभूषण का व्यवसाय करता था। किसी काम से मंगलवार की देर रात साइकिल से प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर स्थित भोपतपुर गांव में किसी से मिलने गए हुए थे। वापस लौटते समय राज मार्ग पर ही किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। देर रात होने के कारण घायल अवस्था में काफी देर तक कराहते पड़े रहे। उसी दौरान किसी राहगीर ने करामत अली को अचेतावस्था में देख उन्ही के मोबाइल से फोन के माध्यम से घरवालों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए प्रयागराज ले गए जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची थरवई पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। करामत अली व्यवसाय करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। उनके पीछे उनका भरापुरा परिवार छूट गया। अधेड़ व्यवसाई की मौत से पत्नी रेहाना बेगम , बच्चों एवं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### भूसा लादकर जा रही पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी टूटा पोल

**रत्योरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रत्योरा महुआव मार्ग पर सरसो भूसा लादकर जा रही पिकअप बीतीरात की भोर में तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित होकर बिजली के पोल में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे पोल टूट गया और पिकअप पलट गई चालक और बैठे लोगों बाल बाल बच गए। मिजार्पुर जिले के हलिया थाना क्षेत्र बर्बसा गांव निवासी ठाकुर प्रसाद पुत्र बिहारी लाल भूसा के ब्यापारी है जो किअपनी पिकअप से कोरांव थाना क्षेत्र के तुडियार गांव से भूसा लादकर ईट के भट्टे पर लेकर जा रहा था रत्योरा मोड़ चौराहे से तीन सौ मीटर दूरी रत्योरा महुआव मार्ग पर बीतीरात भोर में तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित होकर भूसा लदी पिकअप पटरी से उतर गई और विजली के लगे पोल में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे पोल टूट गया और पिकअप पलट गई।जोरदार टक्कर की आवाज सुनकर लोगों ने दौड़कर देखा कि पिकअप पलटी हुई थी मौजूद लोगों ने चालक को बाहर निकाला। सुबह होने पर संविदा लाइन मैन पहुचकर गाड़ी वाले से बर्ता की और गाड़ी मालिक ने विजली का पोल पुनः सही कराया उसके बाद पिकअप लेकर चला गया।अनहोनी होने चालक बाल बाल बच गया।विजली का पोल टूटने से दिन भर आपूर्ति बाधित थी कोरांव जेई के आदेश पर संविदा लाइनमैनों ने पुनः दूसरा पोल खड़ाकर विजलीआपूर्ति चालू करा दिया।

### चुनाव ड्यूटी में जा रहे पुलिस बल पर पथराव का वांछित गिरफ्तार

**सहसों।** चुनाव ड्यूटी में जा रहे महाराष्ट्र पुलिस बल पर पथराव का वांछित आरोपी हुआ गिरफ्तार। बतादें कि थरवई थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर थाना पुर गांव के सामने गत 28 फरवरी को विधानसभा चुनाव ड्यूटी के लिए जा रहे महाराष्ट्र पुलिस बल पर उपद्रवियों ने ईंट पत्थर चला कर वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया था। जिसमें कुछ पुलिस वालों को भी हल्की चोटें आई थीं। मामले में तत्काल दो लोग गिरफ्तार कर लिए गए थे एक अन्य मौके से फरार हो गया था। जिससे मामले में सोलह मार्च बुधवार को थानाध्यक्ष थरवई योगेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में मुखबिर खास की सूचना पर वांछित अभियुक्त आशीष कुमार जायसवाल उर्फ लम्बू पुत्र राम कैलाश जायसवाल निवासी बगई खुर्द थाना सराय इनायत को राजनारायण डिग्री कालेज बेरूई तिराहे के पास से दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के पश्चात निम्न धाराओं में विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक राम कुमार यादव, कांस्टेबल अजीत खरवार एवं कांस्टेबल विकास भारद्वाज शामिल रहे।





### भावापुर विवेकानंद आईटीआई प्रशिक्षण संस्थान में वितरित हुआ टेबलेट

**सोरांव।** सोरांव क्षेत्र के प्राइवेट प्रशिक्षण आईटीआई कॉलेज में बुधवार दोपहर में इंजीनियरिंग और फि टर ट्रेड वाले सभी 116 अध्ययनरत विद्यार्थियों को सरकार की योजनाओं की तरफ से टेबलेट वितरण किया गया। संस्थान के जिम्मेदार प्रबंधक राजेंद्र सिंह पटेल ने सभी छात्रों को सही दिशा में प्रयोग करने की बात कहीं। वही प्रधानाचार्य दूधनाथ पटेल ने भी संस्थान को आगे बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। गौरतलब है कि उक्त संस्थान पूरे प्रयागराज में स्थित प्राइवेट संस्थाओं में से एक ऐसा संस्थान है कि जहां पर हर वर्ष प्रवेश को लेकर विद्यार्थियों की लंबी कतारें लगी रहती हैं। और उक्त कॉलेज क्षेत्र एक अग्रणी प्राइवेट कॉलेज में गिना जाता है। विद्यार्थी सिर्फ जिले और राज्य से ही नही बल्कि दूसरे जिले और राज्यों से भी दाखिले के लिए आते है। और रोजगार पाकर अपने भविष्य को भी संवारते हैं। इस कॉलेज की सबसे बड़ी खासियत यह है कि कम फीस और बेहतर प्रशिक्षण प्रशिक्षित टीचरों द्वारा दिया जाता है। टेबलेट पाकर सभी लाभार्थियों के चेहरे खिल गए। जिसमे उपस्थित सभी लाभार्थी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजनाएं को सबसे अच्छी योजना बताएं। वही कॉलेज के प्रबंधक राजेंद्र कुमार ने भी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए शिक्षा के क्षेत्र के सभी को आगे आकर रोजगार के अवसर पाने की बात कही। प्रबंधक ने कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पिएगा वही दहाड़ेगा।



दुर्दशा का शिकार राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय सहसों।

## राजकीय चिकित्सालय होम्यो दुर्दशा का शिकार

**सहसों।** राजकीय होम्यो चिकित्सालय सहसों की हालत दयनीय अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाने को मजबूर। एक तरफ जहां एलोपैथिक सी एच सी, पी एच सी सेंटर हाईटेक हो रहे हैं वही दूसरी तरफ होम्योपैथिक चिकित्सालय अपनी दुर्व्यवस्था झेल रहे हैं। सहसों स्थित राजकीय होम्यो चिकित्सालय की हालात इतनी दयनीय हो गयी है कि चिकित्सालय के गेट के बाहर कूड़े के अंबार से गंदगी फैली हुई है और स्वास्थ्य विभाग आंख मूदकर बैठा हुआ है। जबकि शासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग की तरफ से स्वच्छता अभियान चलाकर देश से बीमारी को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है वहीं स्वास्थ्य विभाग खुद बीमारी का दंश झेल रहा है। यही नहीं राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय सहसों का बोर्ड उखड़ कर एक किनारे पड़ा हुआ है। बीमारी को दूर भगाने वाला स्वास्थ्य विभाग खुद लोगो को और बीमार कर रहा है। सम्बंधित विभाग रास्ते पर लगे कूड़े के अम्बार को दूर करने के लिए कोई ठोस कदम नही उठा रहा है। यदि समय रहते संज्ञान में लेकर रास्ते का निर्माण नही कराया गया तो बारिश के मौसम में वायरस का प्रकोप फैल सकता है।

### भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता समाज के लिए अनुकरणीय : श्याम जी

**जंघई।** चनेथू डीह गांव में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में समापन दिवस पर मंगलवार को कथा व्यास श्याम जी महाराज ने सुदामा चरित्र का वर्णन विस्तार से श्रद्धालुओं सुनाया। कृष्ण-सुदामा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा को गले लगाकर समूचे संसार मे मित्रता का संदेश दिया कि मित्रता में बड़ा छोटा नही बल्कि आत्मीयता व प्रेम इसकी अनोखी डोर है।गरीब सुदामा का भगवान ने पाव पखारते हुए समाज को नई दिशा प्रदान किया है। सुदामा चरित्र से हम लोगो को अपने जीवन में सीख लेने की आवश्यकता है। श्रीकृष्ण-सुदामा का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भक्तिभाव से ओत-प्रोत हो गए कथा समापन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।इस अवसर पर सहयोगियों में जयप्रकाश उपाध्याय, रामप्रकाश पांडेय, रामअभिलाष पांडेय, रंगनाथ उपाध्याय, मंगला उपाध्याय, देवमणि तिवारी, सुशील उपाध्याय, त्रिभुवन नाथ उपाध्याय, संजय उपाध्याय, अशोक मिश्रा, सुरेश मिश्रा, राजेंद्र पांडेय सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

# होली पर सजे बाजार खरीदारी को उमड़ी भीड़ गुलजार हुऐ बाजार



अखंड भारत संदेश

**जारी।** दिन गुरुवार की शाम होलिका दहन के साथ होली पर्व का शुभारंभ हो जाएगा इसके लिए पूरे तरीके से ग्रामीण क्षेत्रों के तमाम जारी समेत इलाकों में बाजार पूरी तरह सज गए हैं ।दुकानदार होली पर्व को देखते हुए होलीआरो के लिए तरह-तरह के कलरफुल टोपी मुखौटा बाल तथा रंग बिरंगी पिचकारीया दुकानदार बेच रहे हैं वहीं मेहमानों के खाने पीने के लिए खोए की गुजिया पापड़ चिप्स और तरह-तरह के पकवान दुकानदार बेचते देखे जा रहे हैं होली पर्व को देखते हुए बाजार गुलजार हो गए हैं गुरुवार को त्योहारी बाजार होने के कारण देर रात तक चहल-पहल रहेगी क्षेत्रीय बाजारों में सजावट के लिए चमकीले झालर और लाइट खरीद रहे हैं उधर बच्चों के लिए भी रंग बिरंगे कलर और स्पाइडरमैन मोगली के साथ तरह-तरह की पिचकारी भी परिवार के लोग बच्चों के लिए खरीद रहे हैं ।फागुनी बयार पर सुबह से ही लोग खरीदारी में जुटे हुए हैं । रंग खेलने के बाद नए कपड़े पहनने का भी रिवाज है। इसके लिए भी बड़े बड़े शोरूम और दुकानों पर पहुंचकर कुर्ता पैजामा कपड़े खरीदने में जुटे हुए हैं ।और घर मेहमानों के लिए तरह-तरह के पकवान बनाए जा रहे हैं बाजारों में लोग खूब खरीददारी घरों में गुजिया तैयार कर रहे हैं ।हिन्दुओ का महत्वपूर्ण पर्व होली 18 मार्च और 19 मार्च को मनायी जायेगी 17 मार्च की रात्रि होलिका दहन होगा होली के पर्व पर नगर कस्बे समेत ग्रामीणअंचलो में लोग इस पर्व की तैयारी में लगे हुए है। दुकानो में खरीददारो की भीड बढ गयी है। रंग गुलाल अबीर पिचकारी की दुकाने लोगो ने फुटपात पर सजा रखी है जहॉ ग्राहको की भीड़ है। वही पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से सकुशल पर्व को सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्ध है।



### आधुनिक कार्टून वाली पिचकारी के साथ भगवा रंग गुलाल बाजार का आकर्षण

सहसों। आपसी भाईचारा व प्रेम भरा रंगो का पवित्र त्यौहार होली पर बाजारों में तरह तरह की पिचकारी, गुलाल, रंग बिरंगी टोपियों के अतिरिक्त मुखोटे लोगों को काफी आकर्षित कर रहे हैं। जैसे-जैसे होली का त्यौहार नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे परचून की दुकान सहित होली के सामानों की बिक्री व खरीददारों की बाजारों में भीड़ बढ़ गई है। सहसों बाजार में दुकानदार गोलू केसरवानी ने बताया कि इस बार भगवा रंग के गुलाल की मांग ज्यादा हो रही है। दुकानदार राहुल गुप्ता, सोहन लाल केसरवानी ने बताया वैसे सामान्य रूप से पुरानी पाइप वाली पिचकारियां तो है ही परंतु इस बार तरह-तरह की आकारों वाली पिचकारियां लोगों को आकर्षित कर रही हैं। दुकानो पर बिक्री के लिए टैंक, मिसाइल,बंदूक, कार्टून, पब्जी, मैंगो, मोटू-पतलू ,स्पाइडरमैन,मछली आदि आकृति वाली पिचकारी लोगों को लुभा रही हैं। इसके अलावा इस बार राजस्थानी पगड़ी, मराठी पगड़ी एवं पंख टोपी एवं विभिन्न आकार के मुखौटे लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। दुकानदार हर्ष केसरवानी, राजकुमार आदि का कहना है कि कोरोना संक्रमण का प्रभाव कम है जिसके चलते इस बार त्यौहार पर अच्छा व्यवसाय होने की उम्मीद है।

# विद्या अर्जित करें, इसी से मिलेगी पहचानः सौरभ दीक्षित

### राजा कमलाकर इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव में रानी देव्यानी पत्रिका के 14वें अंक का विमोचन, छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश







**शंकरगढ़।** राजा कमलाकर इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। नृत्य, गीत और संगीत से सजे वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। सालाना जलसे में छात्र-छात्राओं ने विविध विषयों से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसमें नृत्य, गीत, समूह नृत्य, एकांकी, नाटक आदि शामिल हैं। समारोह में चीफ गेस्ट के रूप में नवनिर्वाचित विधायक डा. वाचस्पति, विशिष्ट अतिथि के रूप में एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित शामिल हुए। जबकि अध्यक्षता टाटा कंपनी के पीयूष कुमार पटेल ने की। सालाना जलसे को संबोधित करते हुए एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित ने कहा कि प्रत्येक माता-पिता को अपने बच्चों से काफी उम्मीदें रहती है। सभी बच्चों का यह दायित्व बनता है कि वह अपने माता-पिता की उम्मीदों को पूरा करने की कोशिश पूरी ईमानदारी से करे। एसपी यमुनापार ने कहा कि इंसान के जीवन में संघर्ष बहुत आता है, लेकिन इससे हताश नहीं होना चाहिए और अपने लक्ष्य को केंद्रित करते हुए डटे रहना चाहिए। शिक्षा ही हमें पहचान दिलाती है और इसी से हमारी और समाज की तरक्की भी संभव है। चीफ गेस्ट बारा विधायक डा. वाचस्पति ने विद्यालय के शिक्षकों, बच्चों की तारीफ की। कहा कि ज्ञान ही एक ऐसी चीज है जिसे कोई खरीद नहीं सकता। मनुष्य अंतिम समय तक सीखता रहता है और यही सीखना उसके जीवन का सहारा साबित होती है। विधायक ने कहा कि मेरे स्तर पर राजा कमलाकर इंटर कालेज के लिए जो भी मदद हो सकेगी, मैं उसे पूरा करने का प्रयास करूंगा। विधायक ने इस कालेज को सीबीएसई बोर्ड से संचालित किए जाने की बात कही। कहा कि इसके लिए मैं हर संभव मदद के लिए तैयार हूं। वार्षिकोत्सव में रानी देव्यानी पत्रिका के 14वें अंक का विमोचन किया गया। इसके पूर्व सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। और विद्यालय में अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की और सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया। वार्षिकोत्सव का भावपूर्ण संचालन डा. बृजेश कुमार यादव ने किया। इस मौके पर प्रबंधक राजा महेंद्र प्रताप सिंह, कामदार साहब, गोरेलाल सिंह, राघवेंद्र सिंह, मूलेंद्र प्रताप सिंह, श्याम बहादुर सिंह, डा. विनोद कुमार त्रिपाठी, मुकेश तिवारी, डा. संजय सिंह, ओपी धारिया, रामबोध खरवार, राकेशचंद्र मिश्र, सीपी सिंह, अजय सिंह, डा. इंदू सिंह,आयुषी सिंह, शीतल सिंह, बृजभानु सिंह, अंजनीलाल, मूलचंद्र केसरवानी, रामखेलावन गुप्ता, अनूप केसरवानी, नरेंद्र सिंह, अमरेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# बैठक कर की शांति व सौहार्द से होली पर्व मनाने की अपील

अखंड भारत संदेश



**मेजा रोड।** 'डीएम प्रयागराज व एसएसपी प्रयागराज अजय कुमार पांडेय के निर्देशन व यसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित के निर्देश के क्रम में होली त्योहार को शांति और सौहार्द तरीके सम्पन्न कराने को लेकर माण्डा भारतगंज चौकी परिसर में आज पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित सभी धर्म और समुदाय के लोगों से आपस में शांति और सौहार्द से होली मनाने की अपील किया गया। आज बुधवार शाय पांच बजे माण्डा थानाअंर्तगत चौकी भारतगंज पर एसडीएम मेजा विनोद कुमार पाण्डेय की उपस्थित में एक शान्ति समिति की बैठक आहूत की गयी बैठक को सम्बोधित करते हुए एसडीएम मेजा ने कहा कि होली पर्व भाई चारे एवं प्रेम का त्योहार है इसकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हमारी पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।जिन गांवों में होलिका दहन का स्थान चिह्नित है, वहां लोग उसी स्थान पर होलिका दहन करें।कोई नई परम्परा की शुरूवात नही करेंगा आप सभी त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाए इस क्षेत्र के लोगो ने पूर्व में जिस तरह से सहयोग देकर त्योहार को सकुशल संम्पन्न कराने में प्रशासन की मदत की है मुझे विस्वास है इस बार भी अन्य थाना क्षेत्रों के लिए उदाहरण बन त्योहार को सम्पन्न कराकर एक मिसाल कायम करेंगे।इसी दौरान माण्डा थानाध्यक्ष महेश मिश्र एवं चौकी इन्चार्ज आशीष कुमार राय ने भी पीस कमेटी में मौजूद लोगों से होली त्यौहार व चुनाव शांति पूर्ण संपन्न कराने की अपील की। बैठक।में स्थानीय वरिष्ठ पत्रकार के साथ वरिष्ठ उपनिरीक्षक राम केवल यादव, थाने के कई उप निरीक्षक एवं पुलिस सहित क्षेत्र के नगरवासी व क्षेत्र के सम्भ्रान्त लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### नैनी में चायल विधायिका पूजा पाल का हुआ जोरदार स्वागत

**नैनी।** समाजवादी पार्टी की टिकट से नवनिर्वाचित चायल विधायिका पूजा पाल बुधवार को नैनी स्थित कॉटन मिल के समीप एसबी सेल्स एंड सर्विस शोरूम में पहुंची। शोरूम संचालक मनीष गिरि ने गुलदस्ता भेंट कर जोरदार स्वागत किया। वहीं पार्टी से संबंधित पदाधिकारी व कार्यकताओं के अलावा नैनी और औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े कई व्यापारियों ने भी स्वागत किया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात बदमाशों ने युवक का अपहरण कर धारदार हथियार से की हत्या

**करछना थाना क्षेत्र में दिन दहाडे हुई घटना से गांव में हडकंप,भारी फोर्स तैनात**

अखंड भारत संदेस

**करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीरपुर गांव में कार सवार अज्ञात बदमाशों ने युवक की अपहरण कर हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी मंगला प्रसाद पांडे 40 वर्ष पुत्र स्वर्गीय लालता प्रसाद बुधवार दोपहर 3 बजे के करीब ड्यूटी कर मोटरसाइकिल से घर के लिए लौट रहा था। अभी वो रास्ते के मडवा गांव के सामने पहुंचा था कि उसी बीच कार सवार अज्ञात बदमाशों ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मंगला प्रसाद पांडे मार्ग से दूर जा गिरा। जब तक मंगला कुछ समझ पाता है तब तक 2,3 बदमाशों ने युवक को गाड़ी में बैठा लिए। जिसके बाद क्षेत्र के देवरी गांव के सामने धारदार हथियार से हत्या कर मार्ग के बगल फेंक कर फरार हो गए। घटना की जानकारी होने पर परिजन व एसपी यमुनापार सौरभ दिक्षित, एसडीएम करछना अमृता सिंह, सीओ करछना राजेश कुमार यादव समय भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। परिजनों ने शव को घर उठा ले जाए।वहीं पुलिस मामले को लेकर विभिन्न पहलुओं पर जांच पड़ताल करने में जुटी है। 3 वर्ष पूर्व में मंगला प्रसाद पांडे के पिता स्वर्गीय लालता प्रसाद पांडे को परिवार के ही राजा पांडे पुत्र ननकउ ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। तब से वह नैनी सेंटर जेल में सजा काट रहा हैं। गांव में तनाव की स्थिति को देखते 15 दिनों तभी पीएसी बल की तैनाती की गई थी। वही आज मंगला पांडे हुई हत्या के बाद पुरानी रंजिश को जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि परिवार वाले कुछ कहने को तैयार नहीं है। स्वर्गीय लालता प्रसाद पांडे के दो बेटों में मंगला पांडे पहले नंबर का लड़का था। और वह कौधियारा के बीआरसी में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। मंगला के दो बेटा व एक बेटी है।



घटना स्थल पर एसडीएम करछना तथा मौके पर पुलिस फोर्स

## 40 वर्ष पहले हुई हत्या के लिए तीन अभियुक्तों को मिली उम्रकैद की सजा

**प्रयागराज।** आगरा जिले केफतेहपुर सीकरी थाने में 21 जून 1981 में हुई हत्या में निचली अदालत द्वारा बरी किए गए अभियुक्तों को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनवाई है। हत्याकांड में तीन अभियुक्तों की मौत हो चुकी है, जबकि बाकी तीन अभियुक्तों को सजा भुगतनी होगी।कोर्ट ने तीनों अभियुक्तों को 15 दिनों के भीतर आगरा जिला न्यायालय में आत्मसमर्पण करने के लिए कहा है, ताकि उन्हें आगे की सजा भुगतने केलिए जेल भेजा जा सके। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार विरला और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने प्रदेश सरकार की ओर से दाखिल अपील को स्वीकार करते हुए सुनाया है।मामले में आगरा के जिला न्यायालय ने आरोपियों को बरी कर दिया था। उत्तर प्रदेश सरकार ने निचली अदालत केफैसले को चुनौती दी थी। तीन आरोपियों की मौत हो चुकी है। जबकि फतेह सिंह, वीरेंद्र सिंह और मलखान सिंह को आईपीसी की धारा 148, 307, 149, 302 और 149 के तहत दोषी ठहराया है। कोर्ट ने कहा कि सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।घटना 21 जून 1981 में हुई थी। आरोपी बसेरी चाहर गांव के रहने वाले हैं। वह पीड़ित के दरवाजे के सामने महिलाओं को देखकर अभद्र बातें करते थे। इसका विरोध किया गया तो फूली, गिरिराज सिंह, फतेह सिंह, वीरेंद्र, शेर सिंह और मलखान पिस्तौल, बंदूक लेकर उसकेघर चढ़ आए और उसके दो चचेरे भाइयों बलबीर और रामश्री पर गोलियां बरसाने लगे।गांव के फूल सिंह, सोबरन, चिद्दी, पन्ना और लखन बीचबचाव करने आए तो आरोपियों ने उन्हें भी गोली मार दी। घटना के बाद फूल सिंह की उपचार केलिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल उत्तीर्ण वर्ष 2011
जन्म तिथि 1.05. 1996
अनुक्रमांक 1967296
का अंकपत्र व प्रमाण पत्र
वास्तव में खो गया है।
संजय कुमार सिंह पुत्र देवराज सिंह
पता–नेवारी, जोकनई, पीड़ी
करछना, प्रयागराज

# ड्राइवर ने ऑटो के साथ चलाया नकली नोट

**घर में ही नकली नोटों की होती थी छपाई, चढ़ा पुलिस के हत्थे**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस बस अड्डे पर बड़ी मात्रा में नकली नोटों के साथ एक युवक गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से कुल 16100 रुपये मूल्य के नकली नोट बरामद किए हैं। पूछताछ में पता चला है कि वह खुद ही घर पर प्रिंटिंग मशीन से नोट छापकर इसे बाजार में खपाता था। फिलहाल देर रात तक उससे पूछताछ की जाती रही।पकड़ा गया युवक करछना के सेमरी गांव का रहने वाला शिवबहादुर पुत्र मेघनाथ यादव है। वह वर्तमान में झूंसी में किराये के कमरे में रहता है और ऑटो भी चलाता है। दोपहर में वह जंक्शन से सवारी लेकर रोडवेज बस अड्डे पर पहुंचा। यहां एक यात्री ने उसे 200 रुपये का नोट दिया, जिस पर उसने उसे 150 रुपये वापस किए। नोटों पर शक होने पर उसने ठीक से देखा तो पता चला कि नोट नकली हैं।जिस पर यात्री ने उसे दबोच लिया। सूचना पर पुलिस पहुंच गई और तलाशी ली गई तो उसके जेब से 500 व 100 रुपये के कई नकली नोट बरामद हुए। इसके बाद पुलिस उसे थाने ले आई। यहां तलाशी में उसके कब्जे से कुल 16100 रुपये मूल्य के नोट बरामद हुए। सिविल लाइंस पुलिस ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



पुलिस के गिरफ्त में नकली नोटों के साथ ऑटो ड्राइवर

### घर में ही छापता था नकली नोट

पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान जब आरोपी से यह पूछा गया कि उसे नकली नोट कहां से मिले, तो उसने बताया कि वह घर में ही नकली नोट छापता है। पहले वह साइबर कैफे चलाता था, ऐसे में उसे कंप्यूटर की जानकारी है। बाद में घाटा होने पर उसने साइबर कैफे बंद कर दिया लेकिन इसी दौरान उसे नकली नोट छापने का आइडिया आया। फोटो एडिटिंग सॉफ्टवेयर के जरिए कुछ नकली नोट छापकर उसने बाजार में चला दिए। इसके बाद से वह लगातार नकली नोट बाजार में खपाने लगा।

### झूठ तो नहीं बोल रहा, पता लगा रही पुलिस

आरोपी ने भले ही नोट घर में छापने की बात कही हो, लेकिन पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि उसके तार किसी नकली नोट तस्कर गिरोह से तो नहीं जुड़े। सिविल लाइंस पुलिस का कहना है कि फिलहाल उसने किसी को नोट सप्लाई करने की बात से इंकार किया है। लेकिन उसके मोबाइल की कॉल डिटेल के साथ ही उसके बारे में अन्य जानकारियां भी जुटाई जा रही हैं।

## दो दरोगाओं को जिला जज ने कोर्ट में खड़ा कराया, स्पष्टीकरण देने के बाद छोड़ा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिला जज ने मंगलवार को अलग-अलग अग्रिम जमानत अर्जियों पर सुनवाई करते हुए मामले में जानकारी न मुहैया कराने वाले दो दरोगाओं को कोर्ट में खड़ा करा दिया। अदालत ने कहा कि अग्रिम आदेश तक दोनों जांच अधिकारी अदालत में खड़े रहेंगे। हालांकि, बाद में दोनों दरोगाओं ने स्पष्टीकरण दिया। इसके बाद अदालत ने उन्हें छोड़ दिया। इसमें से एक दरोगा कर्नलगंज थाने का है, जबकि दूसरा झूंसी थाने में तैनात है।जिला जज उत्तर प्रदेश सरकार बनाम प्रीति सिंघल और उत्तर प्रदेश सरकार बनाम बलराम तिवारी के मामले में दाखिल अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई कर रहे थे। उत्तर प्रदेश सरकार बनाम बलराम तिवारी मामले में एसआई प्रियंका सिंह जांच कर रही हैं, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार बनाम प्रीति सिंघल के मामले में कर्नलगंज में रमेश कुमार को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों ही मामलों में जिला अदालत ने पूछा था कि जिन मामलों में सात साल से अधिक की सजा का प्रावधान है, उन मामलों में गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है या नहीं। अदालत ने मंगलवार को सुनवाई से पहले दोनों दरोगाओं से स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन जवाब न मिलने पर मंगलवार को तलब कर कोर्ट में खड़ा रहने का आदेश दिया।

### जानकारी न देने पर जताई नाराजगी

अदालत ने कहा कि जब अग्रिम जमानत अर्जियों के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी से संबंधित जानकारी मांगी जा रही है तो क्यों नहीं मुहैया कराई जा रही है। दोनों दरोगाओं ने बाद में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया तो अदालत ने उन्हें छोड़ दिया। उधर, मामले में जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गुलाब चंद्र अग्रहरि की ओर से एसएसपी प्रयागराज को पत्र लिखकर जिला जज के आदेश का अनुपालन कराने को कहा गया है।पत्र में लिखा गया है कि न्यायालय में प्रस्तुत की जाने वाली ऐसे अग्रिम जमानत अर्जियों, जिनमें सात वर्ष तक की सजा का प्रावधान है, उसमें यह जानकारी मुहैया कराने का प्रबंध करें कि मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है या नहीं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रामगढ़ विकास खण्ड करछना प्रयागराज**

**टेण्डर/कोटेशन**

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **रामगढ़** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 17–03–2022 से दिनांक 24–03–2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत **रामगढ़** में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 25–03–2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 25–03–2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | ननकू राम कुशवाहा के खेत से अमरनाथ भारतीया के घर के सामने तक इण्टरलाकिंग कार्य (60 मीटर) | 2.50 लाख | 7 दिन |
| 2. | अमरनाथ भारतीया के घर के सामने से कमलेश प्रसाद शुक्ल के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य (65मीटर) | 2.50 लाख | 15 दिन |
| 3. | कमलेश प्रसाद शुक्ल के घर से रमेश के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य (60 मीटर) | 2.50 लाख | 15 दिन |
| 4. | इण्टरलाकिंग रोड से जगदीश प्रसाद के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य (50 मीटर) | 2.00 लाख | 15 दिन |

कृष्णावती
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रामगढ़
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/टेण्डर/कोटेशन/2021-22/ दिनांक

संजीव श्रीवास्तव
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रामगढ़
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

## रंग बिरंगी पिचकारीओं से सजा बाजार

**मोदी योगी का मुखौटा लगाकर खेलेंगे होली**




**मेजा रोड।** होली की तैयारी को लेकर बाजार रंग-बिरंगी पिचकारियों और अबीर गुलाल से सजने लगे हैं। बच्चों को लुभाने के लिए कार्टून आधारित नई डिजाइन की पिचकारियों की डिमांड है। गुलाल व रंगों की गोली चलाने के लिए खिलौना बंदूक की पिचकारी व मोदी योगी मोटू-पतलू एवं छोटा भीम का मुखौटा बच्चों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। रंगों का त्योहार होली का रंग बाजार पर चढ़ने लगा है।मेवा और कचरी, पापड़ की दुकानें सज गई हैं। कपड़े की दुकानों व शोरूम पर लुभावने आफरों की भरमार है। मेजारोड बाजार निवासी दुकानदार सुशील केसरी का पूरा परिवार होली आते ही होली के समानो की बिक्री करने के लिए दुकानों को सजाते है।उनके सुशील ने बताया कि रंगीन पगड़ी, पिचकारी, रंग, अबीर अभी से लोग ले रहे हैं। बच्चे छोटा भीम, मोटू-पतलू, मैजिक कलर, वाटर हैपी बैलून व बाबा टोपी की मांग कर रहे हैं। सुशील ने बताया कि हर्बल रंग व अबीर की मांग हर बार अधिक रहती है। फाग स्प्रे, बंदूक गुलाल व अबीर, केसरिया अबीर तथा भगवा अबीर की मांग खूब है। इस बार भगवा अबीर की मांग ज्यादा है। मुखौटा व चश्मा वाली पिचकारी भी बाजार में है।

## पंचायत परिवार से कमल कुमार मिश्र एमएलसी प्रत्यासी

**16 मार्च को कचहरी में किया नामांकन,भारी संख्या में कौशांबी प्रयागराज के पंचायतप्रतिनिधि जुटे**

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** इलाहाबाद कौशांबी एमएलसी निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य पद हेतु अखिल भारतीय प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश पंचायत परिवार से निर्दल प्रत्यासी के रूप में कमल कुमार मिश्र प्रधान ने सब की सहमति से अपना नामांकन किया। जिसमे दोनो जिलों के काफी संख्या में ग्राम प्रधान,बीडीसी मेंबर्स,जिला पंचायत सदस्य, सभासद, प्रयागराज विकास भवन और कचहरी में एकत्रित हुए और समर्थन किया। श्री मिश्र पंचायत परिवार से सर्व प्रथम एमएलसी उम्मीदवार घोषित हुए हैं। जिसमे भारी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे,पंचायत संगठन जिंदाबाद के नारों के साथ नामांकन में हिस्सा लिए।कमल मिश्रा ने प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता कर कहा कि संगठन ने पहली बार पंचायत परिवार की सहमति से उक्त पद हेतु तैयारी की है,जिसमें पंचायत परिवार की विजय ईश्वर की कृपा और परिवार के समर्थन से मिलेगी। उन्होंने कहा कि अभी तक जितने विधायक उक्त पद पर नियुक्त हुए थे किसी ने पंचायतों के उत्थान के लिए कोई नहीं आगे आया। पंचायत प्रतिनिधियों की ऊपेक्षा की जाती रही जो पंचायत परिवार के सदस्य भी नहीं होते थे।एमएलसी बन कर पंचायत प्रतिनिधियों की अनदेखी करते रहे। किंतु अब पंचायत परिवार से ही एमएलसी चुना जायेगा जिससे ग्राम पंचायतों,क्षेत्र पंचायतों,नगर पंचायतों,जिला पंचायत प्रतिनिधियों का उनके निर्वाचन क्षेत्र का समग्र विकास हो सके। और समस्याओं को सदन के जरिए हल कराया जा सके। नामांकन के समय दोनों जिलों के भारी संख्या में प्रधान संघ,क्षेत्र पंचायत संगठन,सभासद संगठन के ब्लॉक जिलाध्यक्ष सहित प्रदेश के प्रभारी रामसेवक सिंह यादव,आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।



एमएलसी पद हेतु नामांकन के बाद पंचायत परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर समर्थन हांशील करते कमल कुमार मिश्र

# सपा प्रत्याशी वासुदेव यादव ने 10 प्रस्तावकों के साथ एक सेट में किया नामांकन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र एमएलसी चुनाव के लिए समाजवाद पार्टी के वासुदेव यादव को प्रयागराज-कौशाम्बी से प्रत्याशी बनाया है। सपा प्रत्याशी पूर्व एमएलसी व पूर्व शिक्षा निदेशक वासुदेव यादव ने आज जिला प्राधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय कलेक्ट्रेट मे दस प्रस्तावकों के साथ सक्षम अधिकारी के समक्ष एक सेट मे परचा दाखिल करते हुए नामांकन किया।

**दर्जनों गाड़ियों के काफिल के साथ पहुंचे कलेक्ट्रेट**

जार्जटाउन स्थित आवास पर विधिविधान से पूजा अर्चना के उपरान्त दिन मे 2 बजे दो दर्जन चार पहिया व सैकड़ो बाईक सवार सपा समर्थकों के साथ काफला निकला। जार्जटाउन जिला कार्यालय पर बाबू जवाहर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन में सपा के राष्ट्रीय महासचिव व कौशाम्बी से विधायक इन्द्रजीत सरोज, नवनिर्वाचित विधायिका पूजा पाल , विजमा यादव ,गीता पासी व विधायक संदीप पटेल, विधान परिषद सदस्य डॉ मान सिंह यादव, जिलाध्यक्ष योगेश यादव ,महानगर अध्यक्ष सै०इफ्तेखार हुसैन, प्रदेश प्रवक्ता निधि यादव ,जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव ,नगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि ,कौंधियारा ब्लाक प्रमुख इन्द्रनाथ मिश्रा ,पूर्व विधायक मुज्तबा सिद्दीकी ,पूर्व विधायक अनसार अहमद ,पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णमूर्ति सिंह यादव ,पूर्व महाधिवक्ता कमल सिंह यादव ,पूर्व जिला महासचिव दूधनाथ पटेल ,प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ,पूर्व ब्लाक प्रमुख सन्दीप यादव ,फूलपूर चेयरमैन काजमीन जहाँ ,जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा मो०इसराइल ,अल्पसंख्यक सभा राष्ट्रीय सचिव महबूब उसमानी ,वजीर खान ,महानगर प्रवक्ता सै०मो०अस्करी ,तारिक सईद अज्जू ,शशांक त्रिपाठी ,पार्षद मो० आजम ,अनीस अहमद ,अजय यादव ,नगर सचिव मशहद अली खा ,मो०अजहर ,रोहित यादव ,राजेश शर्मा ,जयभारत यादव ,सचिन यादव आदि के साथ बड़ी संख्या मे जिला पंचायत सदस्य, ब्लाक प्रमुख, पार्षद व सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



नामांकन करते एमएलसी प्रत्याशी वास्तव यादव

**कार्यालय ग्राम पंचायत रामगढ़ विकास खण्ड करछना प्रयागराज**

**टेण्डर/कोटेशन**

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **रामगढ़** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 17–03–2022 से दिनांक 24–03–2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत **रामगढ़** में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 25–03–2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 25–03–2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | इण्टरलाकिंग रोड से मोनू के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य (25 मीटर) | 1.00 लाख | 15 दिन |
| 2. | इण्टरलाकिंग रोड से विजयकान्त के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य (30 मीटर) | 1.25 लाख | 15 दिन |
| 3. | इण्टरलाकिंग रोड से दीपक के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य (25 मीटर) | 1.00 लाख | 15 दिन |
| 4. | इण्टरलाकिंग रोड से बबलू भारतीया के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य (20 मीटर) | 1.00 लाख | 15 दिन |
| 5. | रामराज के ट्यूबेल से यादव बस्ती तक खडंजा मरम्मत कार्य (300 मीटर) | 3.00 लाख | 15 दिन |

कृष्णावती
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रामगढ़
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/टेण्डर/कोटेशन/2021-22/ दिनांक

संजीव श्रीवास्तव
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रामगढ़
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

# नोडल अधिकारी ने जिले के परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

## बोर्ड परीक्षा के बारे में दिये टिप्स

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बोर्ड परीक्षा 2022 को शुचिता पूर्ण नकल विहीन एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए शासन द्वारा बोर्ड परीक्षा के लिए जनपद प्रतापगढ़ हेतु नामित नोडल अधिकारी डिप्टी डायरेक्टर राज्य परियोजना निदेशालय लखनऊ आरपी यादव ने जनपद में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया।

निरीक्षण में लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, पीबी इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ सिटी, अजब नारायण इंटर कॉलेज कोहड़ा प्रतापगढ़, राम अंजोर मिश्र इंटर कॉलेज लालगंज, कमला नेहरू बालिका इंटर कालेज लालगंज, अवधेश विद्या निकेतन इंटर कालेज शीतलमऊ, गांधी इंटर कालेज सांगीपुर आदि परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया। साथ ही साथ उन्होंने कालेज में बने हुए कंट्रोल रूम का विधिवत निरीक्षण किया और विभिन्न कमरों को कंप्यूटर स्क्रीन


परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते नोडल अधिकारी आरपी यादव।

पर ऑनलाइन देखा। साथ ही साथ उन्होंने जनपद में बनाए गए उप संकलन केंद्र राम अंजोर मिश्र इंटरमीडिएट कालेज लालगंज का औचक निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने विद्यालयों के स्ट्रांग रूम बोर्ड परीक्षा के लिए प्राप्त उत्तर पुस्तिकाओं का मिलान किया एवं विद्यालयों की भौतिक संसाधनों के बारे में निरीक्षण किया। कक्षा में रोशनी और प्रकाश के बारे में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उनके लाइजन अफसर के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ डॉ सर्वदा नंद के आदेशानुसार डॉ विंध्याचल सिंह एवं डॉ मोहम्मद अनीस साथ रहे।

## महिला के साथ छिनैती का आरोप, दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महिला के साथ पल्सर सवार बदमाशों द्वारा छिनैती कर पांच हजार नकद व सोने की चेन की छिनैती की वारदात अंजाम दी गई। पीड़ित ने मां के साथ छिनैती की घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली के पयागीपुर निवासी निरंजन सरोज पुत्र पीडी सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसकी मां गीता बीती तेरह मार्च को लालगंज स्थित मकान से गांव आ रही थी। रानीगंज कैथौला बाजार मे टेम्पो से उतरने के बाद दिन मे साढ़े ग्यारह बजे पैदल घर के लिए निकली उसकी मां को पल्सर सवार दो अज्ञात व्यक्ति रास्ते मे मिले और घर छोडने के बहाने बाइक पर बैठा लिया। कुछ दूर बाद बदमाशों ने पीड़िता के गले की सोने की चेन तथा पांच हजार रुपए की नकदी छीनकर उसे धक्का देकर नीचे गिरा दिया। पीडित ने मां के साथ छिनैती की घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। थानाध्यक्ष कमलेश पाल का कहना है कि घटना को लेकर रानीगंज कैथौला चैकी पुलिस को जांच के निर्देश दिये गये है।

# एमएलसी चुनाव में सपा प्रत्याशी विजय यादव ने भरा पर्चा, राजनैतिक दलों में बढ़ी हलचल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एमएलसी चुनाव के लिये नामांकन का कार्य शुरू हो गया है। आज बुधवार को नामांकन के दूसरे दिन समाजवादी पार्टी की ओर से पट्टी तहसील के विजय बहादुर यादव ने अपना नामांकन दाखिल किया।

नामांकन से पूर्व समाजवादी पार्टी कार्यालय पहुंचे सपा जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव, जिला महासचिव अब्दुल कादिर, रानीगंज विधायक डा0 आरके वर्मा, पट्टी विधायक राम सिंह पटेल के अलावा मोहम्मद इरशाद सिद्दीकी, मनीष पाल, मीडिया प्रभारी वकार अहमद के साथ सपा प्रत्याशी विजय यादव नामांकन के लिये निकले। नामांकन के बाहर भीड़ को रोक दिया गया। नामांकन करने के बाद सपा प्रत्याशी कार्यालय लौट आए जहां सपाईयों ने एमएलसी चुनाव की रणनीति पर चर्चा की। बता दें कि भाजपा ने अभी प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। वर्तमान एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह को जनसत्ता दल ने प्रत्याशी बनाया है लेकिन गोपाल जी पर फर्जी पते पर लाइसेंसी असलहा लेने के मामले में एमएलए-एमपी कोर्ट ने इन्हें दोषी माना है। 22 मार्च को सजा पर बहस होनी है। उक्त


एमएलसी चुनाव के लिये नामांकन दाखिल करते सपा प्रत्याशी विजय यादव

अदालती प्रकरण से एमएलसी चुनाव में राजनैतिक दलों में हलचल बढ़ गई है। नामांकन के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/सहायक निर्वाचन अधिकारी मुकेश चन्द्र उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल सुरक्षा व्यवस्था की निरन्तर निगरानी करते रहे।

# मोना ने सौंपी लालगंज को आदर्श टाउन एरिया की सौगात

## नपं अध्यक्ष ने प्रमोद व मोना का उपलब्धि पर जताया आभार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जीत तथा होली को लेकर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने रामपुर खास को करोडो की विकास योजनाओं की सौगात सौपी है। इसके तहत लालगंज नगर पंचायत को अब आदर्श नगर पंचायत का रसूख भी हासिल हो गया है। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के लालगंज टाउन एरिया को आदर्श टाउन एरिया बनाए जाने के प्रस्ताव पर शासन ने बुधवार को मुहर लगा दी। इसके तहत जिले मे लालगंज नगर पंचायत को वर्ष-2021-22 के लिए पं. दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के अन्तर्गत चयनित किया गया है। शासन के विशेष सचिव दिनेश कुमार ने सोलह मार्च को जारी शासनादेश मे स्थानीय नगर पंचायत को जनसंख्या मानक के तहत चार करोड़ रुपए का विशेष पैकेज निर्गत किये जाने की अधिसूचना जारी की है। अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने उपलब्धि की खुशी में सभासदों का मुंह मीठा कराया। वहीं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने नगरवासियों व सभासदों को इस बड़ी उपलब्धि की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि आदर्श टाउन एरिया के बहुप्रतीक्षित इस बड़ी उपलब्धि के जरिए अब रामपुर खास के सतत विकास के मिशन को तेजी से आगे बढ़ाया जा सकेगा।

# हैप्पी टाइम स्कूल में खूब उड़ा रंग गुलाल

## बच्चों ने मनाई होली, स्कूल परिसर हुआ रंग से सराबोर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आज स्कूलों में होली की छुट्टी हो गई। बच्चों के लिये स्कूल में आज होली के पहले का अंतिम दिन था, इसलिये बच्चों ने आज होली के रंग गुलाल के साथ खूब होली खेली। नगर के नया माल गोदाम रोड स्थित हैप्पी टाइम स्कूल में छोटे-छोटे बच्चे अबीर व गुलाल से सराबोर हुए।

आपस में तो वह होली खेल ही रहे थे, बच्चों ने अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी टीका लगाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सबसे ज्यादा उमंग छोटे बच्चों में देखने को मिली, जो बार-बार रंग लगाने का प्रयास कर रहे थे। पूरा स्कूल प्रांगण रंग व गुलाल से सराबोर हो गया था। रंग और गुलाल लगाने वालों में कक्षा-एक


हैप्पी टाइम स्कूल में एक दूसरे को रंग गुलाल उड़ाते बच्चे।

से पांच तक की छात्र-छात्राएं ज्यादा थी जिनमें देवांश, राधिका, अनन्या, अन्नपूर्णा, आराध्या, काव्या चैरसिया, काव्य गौड़, रिया पटेल, आस्था, श्रेया, सौम्या, अविरल, दलजीत, नीरज आदि छात्र-छात्रा ज्यादा सक्रिय रहे। इस अवसर पर प्रबंधक शैलेन्द्र मिश्र, प्रधानाचार्य अरुणा चार्ल्स, कंचन मिश्रा, रितु शुक्ला, सीमा पटेल, हर्षिता व उमेश श्रीवास्तव आदि ने छात्र-छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को होली की शुभकामनाएं दी।

# कस्बा लतीफपुर में ऊसर अवरोधी सरसों का हुआ प्रक्षेत्र प्रदर्शन

## किसानों को दी गई तकनीकी जानकारी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** राजा दिनेश सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा किसानों की आय दुगुना करने के लिए जनपद के किसानों को तिलहनी फसलों के प्रति जागरूक करने हेतु रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड के कामापट्टी एवम कस्बा लतीफपुर गॉव में सरसों की ऊसर अवरोधी प्रजाति (सी0एस0-60) का अंग्रिम पंक्ति प्रदर्शन कराया गया।

इस प्रजाति के प्रति किसानों का ध्यान आकर्षण हेतु प्रक्षेत्र दिवस का अयोजन किया गया। इस अवसर पर केन्द्र के सस्य वैज्ञानिक डा0 नवीन कुमार सिंह ने आये हुए किसानों को बताया कि यह प्रजाति 130-135 दिन में परिपक्व हो जाती है तथा 16-18 कुन्तल प्रति हे0 औसत उपज देती


ऊसर अवरोधी प्रजाति का प्रदर्शन करते किसान।

है। सरसों की इस प्रजाति से कृषक अपनी उसरीली भूमि का भी उपयोग कर अपनी आय दुगुना कर सकते है। डा0 सिंह ने बताया कि तिलहन उत्पादन में यह प्रजाति अधिक ऊसर क्षेत्र के लिए है जहाँ की क्षारीयता 9.5 तक और खारे पानी से सिचाई की दशा में भी सामान्य प्रजातियों से 1.5 गुना अधिक उत्पादन के साथ-साथ 10 प्रतिशत तक अधिक तेल देने में सक्षम है जिससे इस प्रजाति से ऊसर भूमि जहॉं फसल अच्छी नही चलती वहॉं पर भी अच्छा उत्पादन प्राप्त कर आमदनी को बढ़ाया जा सकता है। इस अवसर पर गॉव के प्रगतिशील किसान प्रेमनारायण, मंगल, मेवालाल, रोमिल, दिनेश, बिहारीलाल, रामसजीवन, छोट्टन, श्रीणाथ, रामसुख आदि ने सरसों की फसल का प्रक्षेत्र भ्रमण किया साथ ही वैज्ञानिकों के साथ तकनीकी जानकारी प्राप्त किया।

## स्वस्थ बाल बालिका स्पर्धा का आयोजन 21 से

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि जनपद में प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत, स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर स्वस्थ बाल बालिका स्पर्धा आयोजित किये जायेगें। उन्होंने बताया है कि स्वस्थ्य बच्चे की पहचान करते हुये उसको एवं उसके परिवार को सम्मानित करते हुये अपने बच्चे के पोषण स्तर के प्रति समुदाय में जागरूकता बढ़ाने एवं व्यवहार परिवर्तन करने की दिशा में यह कार्यक्रम प्रभावी सिद्ध होगा। यह कार्यक्रम जनपद में 21 मार्च से 27 मार्च तक आयोजित किया जायेगा।

# नगर पालिका ने महापुरुषों की मूर्तियों की किया धुलाई

## होली के पूर्व नगर पालिका जुटी साफ-सफाई में

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** होली के अवसर पर साफ-सफाई के निर्देश के चलते बुधवार को नगर के सभी चैराहों पर लगी महापुरुषों की मूर्तियों की नगर पालिका ने सफाई व धुलाई की। इसके अलावा पूरे नगर के नाले-नालियों की सफाई की गई है। नाले-नालियों से निकले सिल्ट को आज उठा लिया गया है, जो बचे हैं, वह गुरुवार को उठा लिये जाएंगे।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह के निर्देशन में होलिका दहन से पहले पूरे नगर की सफाई करने के निर्देश के चलते आज पूरे नगर की मूर्तियों


महापुरुषों की मूर्तियों की धुलाई करते सफाई कर्मचारी।

की धुलाई व सफाई की गई। नगर के अम्बेडकर चैराहा, टेज्जरी चैराहा, भंगवा चुंगी, स्टेशन रोड, सदर बाजार मोड़ व चिलबिला की मूर्तियों की धुलाई व सफाई की गई है। इसके अलावा सफाई कर्मियों को ये निर्देश दिये गये हैं कि होलिका दहन के पहले पूरे नगर की सभी सिल्ट उठ जाए और पूरी तरीके से सफाई हो जाए। बता दें कि गुरुवार की रात होलिका दहन होगा और शुक्रवार को होली खेली जाएगी। इसके पहले पूरे नगर की साफ-सफाई की जा रही है।

## सरसों के खेत में बोरी के अंदर मिला महिला का शव

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोटा गाँव के पास सरसों के खेत में बुधवार को बन्द बोरी मिलने से ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिल कुमार पाण्डेय दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और बोरी को खोलने पर उसके अंदर महिला का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। मृतक महिला की उम्र लगभग (35) वर्ष है, जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पीएम के लिए भेजा और जांच में जुटी हुई है।

# बहुगुणा पीजी कालेज में सम्पन्न कराई गई परीक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज लालगंज में प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र कुमार मिश्र के निर्देशन में मुख्य गेट पर ही सघन तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान नकलचियों के अरमान में पानी फिर गया। डॉ मिश्र के निर्देश पर महाविद्यालय का आंतरिक उड़ाका दल पूर्ण रूप से सक्रिय रहा।

जिससे छात्रों के मनोबल में गिरावट देखी गई। कालेज की सख्ती के चलते छात्र दिन प्रतिदिन परीक्षा छोड़ते जा रहे हैं। बताते चलें कि आज प्रथम पाली में 89 छात्रों ने परीक्षा दी। 15 छात्र सख्ती के कारण परीक्षा छोड़ दिये। इसी तरह दूसरी पाली में 440 छात्रों


बहुगुणा पीजी कालेज में आयोजित परीक्षा का निरीक्षण करते प्राचार्य डा0 शैलेन्द मिश्र।

ने परीक्षा दी। जब कि 21 छात्रों ने भय के कारण परीक्षा छोड़ दिया। उड़ाका दल प्रभारी डॉ राजेन्द्र मिश्र के निर्देशन में टीम के सदस्यों ने पूर्ण रूप से सक्रियता दिखाई। टीम के सदस्यों में डॉ ऋचा सुकुमार, डॉ श्याम नारायण त्रिपाठी, डॉ संतोष मिश्र, डॉ आलोक, डॉ निशान्त, डॉ गंगा धर मिश्र आदि सदस्यों ने मिलकर परीक्षा को सुचिता पूर्ण सम्पन्न कराया। उक्त सूचना कालेज जनसूचनाधिकारी डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र ने दी।

# 2260 बूथों पर बच्चों को पिलाया जायेगा पोलियो ड्राप

## बच्चों का कोविड-19 के टीकाकरण का किया गया शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आमजन मानस में पोलियो ड्राप के लिये जागरूकता पैदा करने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिला महिला अस्पताल से जागरूकता रैली निकाली गयी। यह रैली जिला महिला अस्पताल से निकलकर चैक घंटाघर होते हुये जिला अस्पताल में समाप्त हुई। रैली में एनसीसी कैडर के बच्चे एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित हुये। रैली में स्लोगन एक भी बच्चा छूटा सुरक्षा चक्र टूटा आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि दिनांक 20 मार्च को 2260 बूथों पर रविवार के दिन कैम्प लगाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया जायेगा। सोमवार से शुक्रवार तक 1021 टीमें घर-घर जाकर छूटे हुये बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया जायेगा ताकि कोई भी बच्चा पोलियो ड्राप से वंचित न रहे। सभी टीमें तनमयता से अपने अपने बूथों पर उपस्थित रहकर बच्चों को पोलियो ड्राप पिलायेंगी। जिला महिला अस्पताल में 12 से 14 वर्ष तक के बच्चों का कोविड-19 टीकाकरण का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर बच्चों को कोविड-19 से बचाव हेतु कोरवैक्स का टीकाकरण किया गया। मुख्य चिकित्साअधिकारी ने बताया कि 12 से 14 वर्ष तक के बच्चों को सभी 17 सीएचसी पर कोविड-19 का टीकाकरण किया जायेगा। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, महिला चिकित्सा अधीक्षक रीना प्रसाद सहित डा0 महेश सिंह सहित अन्य चिकित्साधिकारी व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## उन्नीस अप्रैल को होगा लालगंज अधिवक्ता संघ का चुनाव, बढ़ी चुनावी हलचल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ की चुनाव समिति द्वारा बुधवार को चुनाव कार्यक्रमों का ऐलान होते ही तहसील मे चुनावी बिगुल बज गया। चुनाव समिति द्वारा जारी कार्यक्रमों के तहत अगले माह उन्नीस अप्रैल को नयी कार्यकारिणी का निर्वाचन कराया जायेगा। इसके पहले चुनाव समिति के पदाधिकारियों का भी तहसील सभागार मे निर्विरोध निर्वाचन किया गया। इसके तहत पं. कमलेश तिवारी संरक्षक, पूर्व अध्यक्ष रामलगन यादव चुनाव समिति के अध्यक्ष व रमेश पाण्डेय महामंत्री चुनें गये। बाबूलाल वर्मा व प्रमोद सिंह उपाध्यक्ष, शारदाबक्श सिंह मंत्री, राजेन्द्र प्रसाद विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष, रामकुमार पाण्डेय सह मंत्री, राजेश तिवारी प्रचार मंत्री, संजय सिंह आय-व्यय निरीक्षक, ज्ञान प्रकाश शुक्ल मीडिया प्रभारी, करूणाशंकर मिश्र नियंत्रक तथा जयप्रकाश शुक्ल, इरफान अली, रोशन लाल सरोज, धीरेन्द्र मिश्र सदस्य कार्यकारिणी चुनें गये।

## पेंशन लाभार्थी 30 मार्च तक आधार प्रमाणीकरण कराएं

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने बताया है कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन एवं दिव्यांगजनों पेंशनरों को आधार सीडिंग/आधार ऑथोन्टीकेशन अनिवार्य कर दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में आधार बेस भुगतान किया जाना है। उन्होने पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों को सूचित किया है कि लाभार्थी स्वयं अपना आधार प्रमाणीकरण 30 मार्च 2022 तक किसी भी इण्टरनेट/लोकवाणी केन्द्र/स्वयं मोबाइल के माध्यम से आधार अपडेट करा लें अन्यथा की स्थिति में योजनाओं का लाभ दिया जाना सम्भव नहीं होगा।

# एएसपी ने कोतवाली का किया औचक निरीक्षक, मातहतों की कसी लगाम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र ने बुधवार को दोपहर बाद स्थानीय कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। एएसपी ने होली के त्यौहार को देखते हुए पुलिस प्रबन्धों की समीक्षा की। उन्होनें वीट आरक्षियों तथा हल्के के दरोगाओं को तलब कर अपराध नियंत्रण अभियान के बाबत प्रगति को लेकर भी कडाई से पूछताछ की। एएसपी ने मातहतो को होली के पर्व को देखते हुए मुस्तैदी के साथ अपने हल्के मे शांति व्यवस्था की ताकीद के निर्देश दिये। एएसपी ने कोतवाली मे मौजूद फरियादियों की भी समस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित थानेदारों को मौके पर पहुंचकर निस्तारण व समुचित कार्रवाई के भी निर्देश दिये।

## हत्या के आरोप में दो को आजीवन कारावास

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार तिवारी ने हत्या के आरोप में इंद्रजीत सिंह सुत राम भजन सिंह व प्रमोद सिंह सुत इंद्रजीत सिंह निवासीगण पूरे मुस्तफा पठान का पुरवा थाना कोतवाली नगर, प्रतापगढ़ प्रत्येक को आजीवन कारावास व 50-50 हजार रुपये का अर्थदण्ड की सजा दी गई। वादी मुकदमा शांति देवी पत्नी लाल बहादुर निवासी पूरे मुस्तफा के अनुसार 31 जुलाई 2017 की सुबह नौ बजे प्रार्थिनी के जेठ लालता प्रसाद सिंह अपने घर से बाजार बाल कटाने जा रहे थे कि रास्ते में घात लगाए बैठे प्रार्थिनी के पड़ोसी इंद्रजीत सिंह व प्रमोद सिंह के हाथ में कट्टा था और रतन सिंह पुत्र जगराम सिंह व सोनू सिंह सुत इंद्रजीत सिंह जिनके हाथ में सरिया व अवैध असलहा था, प्रार्थिनी के जेठ को दौड़ा लिये। प्रार्थिनी के जेठ ने भागने की कोशिश की तो उक्त चारों ने उन्हें घेर लिया और सरिया से मारते हुए कहा कि साले को एक गोली भी मारो, नही तो बच जाएगा। इस दौरान प्रार्थिनी के जेठ की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

## मारपीट व धमकी को लेकर चार के खिलाफ केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने एक नामजद तथा चार आरोपियो के खिलाफ पीडित की पिटाई को लेकर केस दर्ज किया है। संग्रामगढ़ थाना के धनगढ़ निवासी अक्षय मिश्र पुत्र अनिल ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बुधवार को बालू से लदा उसका ट्रक बेलहा के समीप हिरऊ का पुरवा मे खराब हो गया था। रास्ते के विवाद को लेकर बेलहा गांव के हीरा सिंह के पुत्र प्रदीप व तीन अज्ञात ने उसे गाली देते हुए मारापीटा। आरोपियो ने पीड़ित के विरोध करने पर जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### होली पर 2 दिन सार्वजनिक अवकाश की घोषणा

**भरवारी कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव जितेंद्र कुमार ने सभी मंडलायुक्त विभागाध्यक्ष को पत्र भेजकर निर्देशित किया है कि होली के त्यौहार पर 18 मार्च और 19 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है उन्होंने मंडलायुक्त से उम्मीद जताई है कि सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर होली के त्यौहार पर 18 मार्च और 19 मार्च को छुट्टी की सूचना दें।

### पंचतत्व में विलीन हुई पत्रकार की माता, शोक की हलहर

**कौशाम्बी।** अमर उजाला अखबार के ब्यूरो चीफ रवींद्र अग्रहरि की माता का निधन मंगलवार को हो गया था उनका अंतिम संस्कार बुधवार को मंझनपुर स्थित मुक्तिधाम में किया गया है अंतिम संस्कार में तमाम राजनीतिक दल के नेता अधिकारी पत्रकार गणमान्य लोग शामिल हुए और शोक संवेदना व्यक्त की पत्रकारों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना ईश्वर से की है।


## 24 बेड का 24 घंटे का आयुर्वेदिक अस्पताल दोपहर में हो जाता है बंद

### चिकित्सक और मुख्य चिकित्सक की लापरवाही से पूरे जिले के आयुर्वेदिक यूनानी अस्पताल दुर्दशा के शिकार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मरीजों को सस्ता इलाज उपलब्ध कराने के लिए सरकार अस्पताल के संचालन में करोड़ों की रकम खर्च कर रही है लेकिन अस्पताल संचालन का जिन्हें सरकार ने जिम्मा दिया है वह ड्यूटी से भाग जाते हैं जिससे मरीजों को सरकारी मंशा के अनुसार सस्ता इलाज नहीं मिल पाता है और मजबूर होकर निजी नर्सिंग होम में इलाज के लिए मरीज को पहुंचना पड़ रहा है जहां अकुशल अनट्रेंड चिकित्सकों द्वारा इलाज के नाम पर ठेके लिए जाते हैं और मरीज को लूट लिया जाता है।

जिले के सरकारी एलोपैथी अस्पताल में चिकित्सकों की उपस्थिति तो बेहद खराब है लेकिन आयुर्वेदिक यूनानी अस्पताल में भी चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति खराब हो चुकी है जिला प्रशासन से लेकर मंडल प्रशासन अस्पतालों की चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधार करने के प्रति गंभीर नहीं दिख रहे हैं ताजा मामला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अस्पताल भेलखा का है। मरीजों को इलाज देने के उद्देश्य से सरकार ने करोड़ों की लागत से मंझनपुर नगर पालिका क्षेत्र के भेलखा में सरकारी आयुर्वेदिक एवं यूनानी अस्पताल का भवन बनाया था इस अस्पताल में 24 बेड लगाए गए हैं जहां मरीजों को भर्ती किए जाने की सुविधाएं दी गई हैं लेकिन अस्पताल की दुर्दशा का आलम यह है कि सुबह कुछ घंटे अस्पताल खोलने के बाद अस्पताल को बंद कर फार्मासिस्ट और वार्ड ब्याय भाग जाते हैं चिकित्सक महीनों बाद भी अस्पताल में नहीं आते हैं जिससे मरीजों को आयुर्वेदिक एवं यूनानी तरीके से इलाज नहीं मिल पाता है मामूली मर्ज की दवा देकर वार्ड ब्याय मरीजों को वापस कर देते हैं। आयुर्वेदिक अस्पताल की व्यवस्था संभालने के लिए जिले में मुख्य आयुर्वेदिक चिकित्सक की तैनाती की गई है लेकिन आयुर्वेदिक एवं यूनानी अस्पताल की चौपट व्यवस्था को वह दुरुस्त नहीं कर पा रही है पूरे जिले के आयुर्वेदिक एवं यूनानी अस्पताल की व्यवस्था चौपट हो चुकी है क्षेत्र की जनता ने आयुर्वेदिक अस्पताल भेलखा की चौपट व्यवस्था के साथ-साथ पूरे जिले के आयुर्वेदिक एवं यूनानी अस्पताल की चौपट व्यवस्था की ओर उत्तर प्रदेश शासन का ध्यान कराते हुए लापरवाह चिकित्सकों स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्यवाही की मांग के साथ-साथ आयुर्वेदिक एवं यूनानी अस्पताल की व्यवस्था सुधारे जाने की मांग की है।



बंद आयुर्वेदिक अस्पताल

### नहीं चलता योगा क्लास

**कौशांबी।** आयुर्वेदिक एवं यूनानी अस्पताल में मरीजों को योगा क्लास के माध्यम से स्वस्थ रहने की विद्या सिखाई जाने का नियम है इसके लिए योगा प्रशिक्षक और योगा सहायक की तैनाती कर लाखों का वेतन दिया जा रहा है लेकिन अस्पताल में योगा सहायक और योगा प्रशिक्षक आयुर्वेदिक एवं यूनानी अस्पताल में मौजूद नहीं मिलते हैं जिससे मरीज और गांव क्षेत्र के लोगों को योगा का प्रशिक्षण नहीं मिल पा रहा है सूत्र बताते हैं कि फर्जी अभिलेखों के सहारे योगा प्रशिक्षकों और योगा सहायकों की नियुक्ति आयुर्वेदिक एवं यूनानी अस्पतालों में की गई है जो बड़ी जांच का विषय है इस संबंध में आयुर्वेदिक एवं यूनानी अस्पताल के मुख्य चिकित्सक से बात करने का प्रयास किया गया फोन ना उठाने से बात नहीं हो सकी है।

## न्यूज झरोखा

### डीएम एसपी ने चेक किया शराब के गोदाम



**कौशांबी।** होली के त्यौहारों के दृष्टिगत जिलाधिकारी सुजीत कुमार व एसपी हेमराज मीणा के द्वारा बुधवार को सरकारी देशी एवं अंग्रेजी शराब की दुकानों व गोदामों का औचक निरीक्षण कर चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान अधिकारियों द्वारा आगामी त्यौहारों के सम्बन्ध में सेल्समैन तथा अनुज्ञापियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुवे गाइडलाइंस के पालन हेतु जागरूक भी किया गया।

### अ.भा. विद्यार्थी परिषद ने मनाया होली मिलन समारोह



**कौशाम्बी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् काशी प्रांत के करारी नगर के कार्यकताओं द्वारा जिले में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का कार्यक्रम किया गया है इसी क्रम में करारी नगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने रिचा पांडेय के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया जहां होली के दो दिन पूर्व अबीर गुलाल से टीके लगाकर होली मिलन किया गया इस अवसर पर नगर मंत्री अंजली सिंह संजय तहसील सह संयोजक मंझनपुर पारुल नंदनी प्रीति प्रीति वर्मा,श्रद्धा सचिन रिया भुवनेश्वर आदि कार्यकताओं की उपस्थित रही

### कुआं की जमीन पर रखी मूर्ति को थानेदार ने हटवाया



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बिदनपुर ककोढा गांव में प्राचीन कुआं की जमीन पर कब्जा करने के मकसद से दबंग भू माफियाओं ने कुआं की पहड़ी जगत में पहले ही कब्जा कर लिया था और अब बीते 15 दिनों से लुका छुपी का खेल खेल कर कुआं पर कब्जा कर रहे थे मामला तहसील और थाना पहुंचा इसी बीच भू माफियाओं ने कुआं की भूमि पर मूर्ति रखकर उसे विवादित करने की कोशिश की मामले को गंभीरता से लेते हुए कोखराज थानेदार ने कुआँ की जमीन पर दो दिन पहले अवैध कब्जा धारकों द्वारा रखी गई मूर्ति के संबंध में जांच पड़ताल की मामले में अवैध कब्जा धारक गलत पाए गए जिस पर थानेदार ने कुआं की भूख खाली करने और मूर्ति हटाए जाने के निर्देश दिया थानेदार के निर्देश पर कुआं की जमीन पर रखी गई मूर्ति को भू माफियाओं ने हटा दिया है।

### साइबर सेल द्वारा ठगी के शिकार पीडित का पैसा कराया वापस

**कौशाम्बी।** 04 मार्च 2022 को आवेदक डॉ० सौरभ गुप्ता निवासी पश्चिम शरीरा के खाते से आनलाइन साइबर ठगों द्वारा धोखे से एनीडेस्क एप्लिकेशन के माध्यम से मोबाइल फोन रिमोट पर लेकर उनके खाते से चालीस हजार रुपए का फ्राड किया था जिस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया गया जिस सम्बन्ध में साइबर सेल को कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया था। जिसके क्रम में साइबर सेल द्वारा कुतलता एवं सक्रियता से कार्य करते हुये 14 मार्च 2022 को आवेदक उपरोक्त के खाते में 25 हजार 625 रुपए वापस करा दिया गया है।

### 16 बैटरी के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त फिरोज अहमद पुत्र मंसूर अहमद निवासी नयानगर प्रथम कस्बा मंझनपुर थाना मंझनपुर को 16 अदद चोरी की बैटरी को ई-रिक्सा पर ले जाते हुये हजरतगंज नयानगर से गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### तमंचा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मो० आशिफ पुत्र नवीउल्ला निवासी पश्चिम शरीरा थाना पश्चिम शरीरा को अफजलपुरवारी पुलिया के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### रोडवेज से टकराया बाइक सवार गंभीर घायल

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच टू कल्यानपुर के नजदीक श्रीराम बिहारी होटल के समीप ओवरटेक के चक्कर में बाइक सवार को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार घायल हो गया सूचना पाकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। प्रयागराज की तरफ से बाइक सवार कानपुर की तरफ जा रहा था जैसे ही बाइक सवार कल्यानपुर के श्री राम बिहारी होटल के समीप पहुंचा कि पीछे से रोडवेज बस ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार रोड पर गिर गया हादसे में बाइक सवार के सिर में गंभीर चोट आने से बाइक सवार की हालत नाजुक है सूचना पर पहुंची शहजादपुर पुलिस और डायल 112 एंबुलेंस की मदद से घायल को कसिया नवजीवन हॉस्पिटल पहुंचाया गया टक्कर के बाद रोडवेज बस मौके से फरार हो गयी वही बाइक चालक की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है!

## उज्जवला योजना में कनेक्शन और रिफिल साबित हो रही छलावा

अखंड भारत संदेश

### जिला पूर्ति अधिकारी फील्ड अफसर से लेकर विभागीय अधिकारी पारदर्शी तरीके से योजना के संचालन में साबित हो रहे विपक्ष

**कौशांबी।** भारत सरकार गांव के गरीब कमजोर लोगों को उज्जवला योजना के अंतर्गत निशुल्क गैस सिलेंडर चूल्हा देने की घोषणा का वाहवाही लूट रही है लेकिन भारत सरकार के इस घोषणा की धज्जियां एजेंसी संचालक उड़ा रहे हैं और एजेंसी संचालक के टुकड़ों में पलने वाले योजना से जुड़े अधिकारी कनेक्शन धारकों को सिलेंडर और गैस नही दिला पाते हैं उज्जवला योजना में बड़ी धांधली के चलते जिले के हजारों उज्जवला कनेक्शन धारक परेशान हैं जिससे इनकी सांठगांठ से इनकार नहीं किया जा सकता है जिले में हजारों कनेक्शन धारक को वर्षो बीत जाने के बाद भी गैस चूल्हे नहीं मिल सके हैं जिनसे उनके घरों में गैस के चूल्हे नहीं जले वही उत्तर प्रदेश सरकार ने होली के पर्व पर उज्जवला योजना के अंतर्गत कनेक्शन धारकों को निशुल्क गैस की व्यवस्था दी है लेकिन उज्जवला योजना के ग्राहकों के मोबाइल में गैस रिफिल डिलीवर्ड का मैसेज आने लगे हैं लेकिन ग्राहकों के सिलेंडर रिफिल नहीं हो सके हैं योजना में बड़ी धांधली है और गैस एजेंसी संचालक कंपनी के फील्ड ऑफिसर से लेकर के जिला पूर्ति अधिकारी तक एजेंसी संचालकों की सांठगांठ से उज्जवला योजना के ग्राहक भारत सरकार की योजना का लाभ पाने से वंचित रह गए हैं। होली के पर्व पर जिले के विभिन्न गैस एजेंसी के हजारों उज्जवला कनेक्शन धारकों को गैस की रिफिल नहीं हुई है जबकि सरकार के निर्देश पर उपभोक्ताओं को निशुल्क रिफिल दिए जाने का निर्देश है एजेंसी संचालकों ने गैस की कालाबाजारी कर करोड़ों का धन अर्जित किया है यह खेल पूरे जिले के गैस एजेंसी और विभागीय सांठगांठ से बेखौफ तरीके से चल रहा है बिना रिफिल किए डिलीवरी का मैसेज ग्राहकों को भेजा जा रहा है जिससे उपभोक्ता परेशान हैं लेकिन कोई अधिकारी उनकी सुनने वाला नहीं है आखिर सरकार की योजना की धज्जियां उड़ाने वाले एजेंसी संचालक और अधिकारियों के कारनामों पर डीएम कमिश्नर मामले को संज्ञान लेकर सरकार की योजना को पारदर्शी तरीके से संचालित कराते हुए योजना की धज्जियां उड़ाने वाले एजेंसी संचालक और जिला पूर्ति अधिकारी और गैस एजेंसी के जिम्मेदारों पर कब कार्यवाही करेंगे इस बात का जवाब आम जनता चाहती है।

### कालाबाजारी में लिप्त है भारत गैस एजेंसी

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के करारी कस्बा स्थित भारत गैस एजेंसी के एजेंसी संचालक द्वारा उज्जवला योजना के ग्राहकों के सिलेंडरों की कालाबाजारी की जा रही है मामले का खुलासा होने के बाद भी जिला पूर्ति अधिकारी और फील्ड ऑफिसर एजेंसी संचालक पर कार्यवाही कर उसके निरस्तीकरण की कार्रवाई करने को तैयार नहीं है जिससे भारत सरकार की योजना की धज्जियां कौशांबी जिले में उड़ती दिख रही हैं यह एजेंसीज एक बाहुबली सांसद की बताई जाती है जो पूर्व में सपा बसपा में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

## बच्चों के पोषण स्तर में लाना होगा सुधार : सीडीओ

अखंड भारत संदेश

### बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हेतु व्यवहार परिवतर्न कर पोषण अभियान को जन आन्दोलन बनाने की दिशा में जनपद के प्रत्येक आंगनबाडी केंद्रों पर कैम्प का किया जाए आयोजन

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा पोषण अभियान के अन्तर्गत 21 मार्च से 27 मार्च 2022 तक पोषण के विषय में जागरूकता एंव जनभागीदारी बढातें हुए बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हेतु व्यवहार परिवतर्न कर पोषण अभियान को जनआन्दोलन बनाने की दिशा में जनपद के प्रत्येक आंगनबाडी केन्द्र, पंचायत, स्कूल एंव प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र पर विशेष कैम्प का आयोजन कर ह्हस्वस्थ बालक-बालिका सप्ताह आयोजित करने के निर्देश प्राप्त हुये है मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि कायर्क्रम का उद्देश्य 0-6 वर्ष तक के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाना। समुदाय का बच्चे के स्वास्थ्य एवं पोषण को भावनात्मक स्तर से जोडना तथा समुदाय को स्वाथ्य एवं पोषण के बारे में जागरूक करना। समुदाय में अभिभावकों के मध्य अपने बच्चे को स्वस्थ एवं सुपोषित रखने हेतु प्रतिस्पधार्त्मक माहौल तैयार करना। बाल विकास सेवा एंव पुष्टाहार की सेवाओं को प्राप्त करने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि लाना। बच्चों की वृद्धि एंव विकास की निरन्तर निगरानी करते हुये समय से कुपोषण की पहचान करना तथा समयान्तगर्त हस्तक्षेप करते हुये कुपोषण को दूर भगााना। 0-6 वर्ष तक के बच्चों की लम्बाई/ऊँचाई की माप लेते हुए उनमें व्याप्त कुपोषण यथा नाटापन दुबलापन एंव कम वजन के बच्चों की पहचान करते हुए डेटाबेस तैयार करना। उन्होनें बताया है कि कायर्क्रम को सफल बनाने हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कायवार्ही करने के निदेर्श दिये गये है।

## हवा में तैर रहे हत्या अपहरण के साक्ष्य पुलिस बनी अनजान

### सुनियोजित तरीके से कहीं थाना पुलिस की हत्यारों से साठगांठ तो नहीं

**कौशाम्बी।** सराय अंकिल थाना क्षेत्र में अनिल पुत्र अर्जुन का दिनांक 13 मार्च को अपहरण करके हत्या कर दी गयी जिसकी जानकारी परिजनों को तब हुई जब मृतक अनिल की बहन लक्ष्मी पुत्री अर्जुन सिंह के मोबाइल पर 8604116835 से फोन कॉल के जरिए अनिल के बारे में जानकारी के साथ कहते हुए साफ शब्दों में सुनाई पड़ रहा है कि तुम्हारा भाई इस समय कहां है और उसके बारे में तुम्हें जानकारी है यदि नहीं है तो जान लो शाम तक तुम्हारे भाई के लिए मेरे लिए गुड न्यूज होगी और तुम्हारे लिए बैड न्यूज होगी पूछने पर गुमराह करते हुए फोन काट दिया खोजबीन करने पर परिजनों को जब सफलता नहीं मिली तो दूसरे दिन पुलिस शिकायत करने का विचार किया दिनांक 14 को युवक का शव आम के पेड़ पर टंगा देख ग्रामीणों ने पुलिस की सूचना दी! प्रेम प्रसंग के चलते युवक की हत्या कर दी गई है लेकिन बेरहम खाकी से न्याय की उम्मीद टूट गयी है पीडित खौफ के साए में जी रहे हैं और आरोपी बेखौफ घूम रहे हैं हत्या का साक्ष्य हवा में तैर रहा है लेकिन बेरहम पुलिस अनजान बनने का ढोंग कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने 8 जगह इंजरी की पुष्टि की है ऑडियो रिकॉर्डिंग की भी सुधि नहीं ली जांच पड़ताल तो दूर हिरासत में लेकर पूछताछ तक आरोपियों से पुलिस ने नहीं की है जिससे पुलिस की सांठगांठ से हत्या की घटना से इनकार नहीं किया जा सकता समय रहते संवेदनशील हो कर यदि पुलिस कार्रवाई करती तो युवक की जान बचाई जा सकती थी। जानकारी के अनुसार मृतक अनिल की बहन लक्ष्मी के विद्यालय में मृतक की प्रेमिका प्रिया इंटर की छात्रा है जिससे युवक का प्रेम प्रसंग चल रहा था आरोप है कि प्रेमिका के परिवारी जनों को यह नागवार गुजरा और ऐसे में उन्होंने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए पहले तो विरोध के साथ विवाद किया जब बात नहीं बनी तो मृतक अनिल का अपहरण कर घटना को अंजाम देकर रास्ते से हटा दिया इस बाबत तहरीर के आधार पर सात आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा भी दर्ज हुआ।

## जमाना बदला अधिकारी लेते हैं त्योहारी!

### लाखों के वेतन भोगी अधिकारियों को अधीनस्थ कर्मियों ने पेस की होली की त्योहारी, विकास के पैसे से बनेगी अधिकारियों के घर में गुजिया पापड़ बच्चों को आएगी पिचकारी व सफेद कुर्ता पजामा

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जमाना बदल गया है पहले गरीब लोग अमीरों के घर से त्योहारी लेते थे लेकिन अब अमीर लोग गरीबों की त्योहारी पर होली का त्यौहार मना रहे हैं हमारा भारत एक धार्मिक एवं सामाजिक देश के नाम से जाना जाता है यहां 12 महीनों में कोई ना कोई त्यौहार बना रहता है जिसमें होली दीपावली दशहरा हमारे देश के प्रमुख त्योहारों में मनाए जाने वाले त्योहार हैं हमारे देश में मनाया जाने वाला त्यौहार सभी वर्गों के लोगों के साथ प्राचीन काल से मनाया जाता रहा है समाज में जो अमीर वर्ग है वह गरीब मजदूरों को सहानुभूति रूप में रुपए पैसे सामान देकर त्यौहार को मनाने में सहयोग करते थे जिस प्रथा का चलन मीडियम क्लास के लोगों के बीच अधिक देखने को मिला करता है मध्यम श्रेणी के आय वाले लोगों में त्योहार के आते ही देखने को मिला करता था कि जो उनके सहयोग में मजदूर वर्ग जिन्हें प्रजा मानकर त्योहारी के रूप में पैसा मिठाई भोजन इत्यादि सामग्री देने का चलन रहा है इस चलन को कौशांबी के कुछ उच्च अधिकारियों द्वारा शर्मसार करते हुए अपने से छोटे अधीनस्थ कर्मचारियों पर दबाव बनाकर होली के त्यौहार आते ही त्योहारी के रूप में प्रति ग्राम पंचायतों से 12 हजार 500 रुपए की त्योहारी राशि मांगी गई है जिसे अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा उच्च अधिकारियों को पेश कर दी गई है जिसकी चर्चा जनपद के लोगों की जुबान से सुनने को मिल रहा है सूत्रों की माने तो विकास विभाग के दो अधिकारियों ने जनपद के सभी विकास खंडों के गांव से 12 हजार 500 रुपए की त्योहारी राशि मांगी गई थी जिसे ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा कलेक्शन करके उच्च अधिकारियों को त्योहार के रूप में देना पड़ा है इस तरह के खुले भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना अति आवश्यक है इस तरह के भ्रष्टाचार की स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा जांच कराना समाज हित में अति आवश्यक है विकास भवन का वह अधिकारी कौन है जो अधीनस्थ कर्मचारियों से त्योहारी के नाम पर धना वसूली कर रहा है यह बड़ी जांच का विषय है और जांच हुई तो बड़े चेहरे बेनकाब होंगे।

### ग्राम प्रधान के बेटे को प्रधानाध्यापक ने पीटा

#### भैरवा स्कूल के छात्रों से झाड़ू पोछा कराए जाने का वीडियो बनाए जाने से भन्नाए प्रधानाध्यापक

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के विकासखंड कौशांबी अंतर्गत ग्राम पंचायत फैजुल्लापुर की ग्राम प्रधान सुनीता देवी है उनका बेटा ओमप्रकाश प्रधान प्रतिनिधि की हैसियत से पंचायत का कार्य देख रहा है फैजुल्लापुर ग्राम पंचायत के भैरावा स्थित परिषदीय विद्यालय में पठन-पाठन की व्यवस्था ठीक ना होने पर ग्राम प्रधान ने अधिकारियों से शिकायत कर प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई की मांग की थी मंगलवार को ग्राम प्रधान का बेटा ओम प्रकाश परिषदीय विद्यालय भैरवा पहुंचा जहां स्कूल के छात्र विद्यालय परिसर में झाड़ू पोछा कर रहे थे और प्रधानाध्यापक मोबाइल में मौज मस्ती की वीडियो देख रहे थे प्रधान का बेटा ओम प्रकाश पासी छात्रों के झाड़ू पोछा लगाने का वीडियो बनाने लगा जिस पर प्रधानाध्यापक ओम नारायण बौखला गए और प्रधान पुत्र को घूसों से मारा है आरोप है कि प्रधानाध्यापक ने जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए जान से मारने की धमकी दी है मामले की शिकायत ग्राम प्रधान ने कौशांबी थाना पुलिस से की है।

## सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया गया तो होगा आंदोलन : अजय सोनी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर मुख्यालय से नहर होकर सिराथू ब्लॉक के बंबूपुर तक निमार्णाधीन सड़क के निर्माण में मानक और गुणवत्ता को नजर अंदाज किया जा रहा है। पूर्व में बनी सड़क के उपर ही लेपन कर नई सड़क का निर्माण कराया जा रहा है, इसे लेकर समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं जिला प्रशासन से स्थलीय निरीक्षण करने एवं मानक के अनुरूप गुणवत्तायुक्त सड़क निर्माण कराने की मांग की है अन्यथा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। अजय सोनी के मुताबिक पूर्व में बनी सड़क को बगैर तोड़े और व्यवस्थित रूप से गिट्टियां बिछाये नई सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही पानी का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा रोलर भी नहीं चलाया जा रहा है। इससे सड़क निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। इससे लोगों को सड़क निर्माण के तत्काल बाद सड़क के उखड़ने का अनुमान है। चूंकि यह सड़क जिले की एक प्रमुख सड़क है और फतेहपुर के धाता ब्लॉक को जनपद के मुख्यालय से जोड़ती है, साथ ही जिले के सिराथू ब्लॉक के दर्जनों सीमावर्ती गांवों को भी जिला मुख्यालय मंझनपुर से मिलाती है और इस सड़क होकर रोज हजारों लोगों का आवागमन होता है, लिहाजा अगर इस सड़क के निर्माण में मानक का ध्यान नहीं रखा गया और सड़क गुणवत्ता विहीन बनाई गई तो कुछ दिनों बाद यह सड़क बर्बाद हो जाएगी और लोगों को आवागमन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा इस संबंध में समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने जिला प्रशासन एवं संबधित विभाग के अधिकारियों से मांग किया है कि इस सड़क के निर्माण में कोई खिलवाड़ न किया जाए अन्यथा आंदोलन किया जाएगा। आगे कहा कि चूंकि यह सड़क मेरे जिला पंचायत वार्ड नं 13 की प्रमुख सड़क है, जो मेरे वार्ड के लोगों को मुख्यालय मंझनपुर से जोड़ती है, अतएव इस सड़क के निर्माण में मानक का ध्यान रखा जाए नहीं जल्द ही जिला मुख्यालय मंझनपुर में पार्टी के तत्वावधान में विशाल आंदोलन किया जाएगा।



घटिया क्वालिटी की बन रही सड़क का दृश्य

## आत्महत्या का रूप देने के लिए रचा कुचक्र पुलिस बनी मूकदर्शक

**कौशाम्बी।** प्रेम प्रसंग के मामले में अनिल प्रेमिका के परिवारी जनों के हाथ लग गया होगा ऐसे में चर्चा है कि पिटाई के बाद मौत होने पर हत्या का सबूत नष्ट करने और आत्महत्या का स्वरूप देने के लिए पेड़ पर टांग कर आरोपियों नें कुचक्र रचा हो ऑडियो रिकॉर्डिंग नें घटना की दहलीज पर पहुचाया लेकिन धृतराष्ट्र की भूमिका में खाकी के कारनामे दिखाई पड़ रहे हैं वायरल हो रहा है ऑडियो का पुलिस ने संज्ञान लेना तक उचित नहीं समझा ना ही आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ की बावजूद आरोपी मौज खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित खौफ में दिख रहे है पुलिस अपहरण हत्या के आरोपियों को बचाने की भूमिका अदा कर रही हैं।

## 155 लीटर शराब के साथ 13 अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

### 40 पउवा देशी शराब व 04 कुंतल लहन कराया गया नष्ट

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अच्छेलाल पुत्र पन्ना लाल निवासी मोहिउद्दीनपुर बेला थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रोशनलाल पुत्र हंशराज निवासी फैजीपुर थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना करारी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त महेश पासी पुत्र महिपाल निवासी गांधीनगर थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 01 कुंतल लहन नष्ट कराया गया व 20 लीटर अवैध शराब व नथन पुत्र पंचम निवासी पवारा थाना करारी को गिरफ्तार कर कब्जे से 01 कुंतल लहन नष्ट कराया गया व 20 लीटर अवैध शराब व हीरालाल पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी तियरा जमालपुर थाना करारी को गिरफ्तार कर कब्जे से 01 कुतल लहन नष्ट कराया गया व 20 लीटर अवैध शराब व अधाइन पत्नी अशोक निवासी बरई बंधवा थाना करारी को गिरफ्तार कर कब्जे से 01 कुंतल लहन नष्ट कराया गया व 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना सराय अकील पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राजीव कुमार पुत्र चन्द्र पाल निवासी उरई असरफपुर थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार कर कब्जे से 40 पउवा देशी शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अनील कुमार पुत्र राम समुज रैदास निवासी अहरौली शेष पुखराया थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार कर कब्जे से 05 लीटर अवैध शराब व बरवारी लाल रैदास पुत्र गिरधारी लाल निवासी भैरवा थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 05 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

इसी प्रकार थाना कडाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राम सिंह पुत्र राम लाल निवासी कल्याणपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब व सत्रुधन पुत्र सैकूलाल निवासी अलीपुर जीता थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब व होरी लाल पुत्र राम बचान निवासी औरंनी थाना कडाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब व विपुल सरोज पुत्र सीता राम निवासी मलाक पचम्भा थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

संपादकीय

## सच्चाई दर्शाती द कश्मीर फाइल्स

इतिहास तथ्य, घटना और साक्ष्य के सत्य पर आधारित होता है। 32 साल पहले कश्मीर की धरती पर पंडित एवं अन्य हिंदुओं के साथ हत्या, अत्याचार और दुराचार की एक नहीं अनेक तथ्यात्मक घटनाएं घटी थीं। नतीजतन चार से सात लाख लोगों को रातों-रात पलायन को विवश होना पड़ा था। उस समय सत्य का सामना करने से लोकतंत्र के चारों संवैधानिक स्तंभ आंख चुराते रहे थे। लिहाजा जो तथ्य और घटनाएं घटीं, उनके जीवित और पीड़ित सैकड़ों साक्ष्यों के आधार पर जब एक फिल्म सामने आई है, तो उसे झुठलाने की कोशिश हो रही है। भारतीय इतिहास का यह दुर्भाग्यपूर्ण पहलू रहा है कि जब भी इतिहास से मुठभेड़ होती है तो तथाकथित बुद्धिजीवी ठोस सच्चाइयों को या तो नकारते हैं या फिर सुधारने की बात करते हैं। अयोध्या के विवादित राममंदिर के पुरातत्वीय उत्खनन से सामने आए साक्ष्यों को भी वामपंथी कथित बौद्धिकों ने कुछ इसी तर्ज पर नकारा था। इतिहास को झुठलाने में छद्म धर्मनिरपेक्षता और सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ जाने को भी मुद्दा बनाया जाता रहा है। लेकिन इसी सिलसिले में जब जोधा-अकबर जैसी फिल्में बनती हैं तो उन्हें सराहा जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द कश्मीर फाइल्स पर ठीक ही कहा है कि ह्यजो अभिव्यक्ति की आजादी के झंडे लेकर घूमते थे, वे पूरी तरह बौखला गए हैं। उसे वे फिल्म की तथ्य और कला के आधार पर समीक्षा करने की बजाय बदनाम करने में जुटे हैं। यह पूरा का पूरा इको सिस्टम कोई सत्य उजागर करने का साहस करे तो उसके साथ ऐसा ही करते हैं। ऐसे लोग इस सत्य को न तो समझने के लिए तैयार हैं और न ही यह चाहते हैं कि दुनिया इसे देखे। दरअसल इस फिल्म में इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा पंडितों पर किये गये क्रूरतम अत्याचार को हुबहू उसी रूप में दशार्या गया है, जिस रूप में खूनी इबारत लिखकर घटना को अंजाम तक पहुंचाया गया था। इस संदर्भ में यह इतिहास के सत्य को वर्तमान रूप में फिल्माने वाली वास्तविक फिल्म है। चश्मदीद गवाहों के रूप में आज भी इन घटनाक्रमों के साक्षात्कार करने वाले लाखों पंडित शरणार्थी शिविरों में उन दिनों को याद कर दहशत से रो पड़ते हैं। कश्मीर का अतीत खंगालने से पता चलता है कि कश्मीर का इकतरफा सांप्रदायिक चरित्र तब से गढ़ना शुरू हुआ, जब 32 साल पहले नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष और तब के मुख्यमंत्री डॉ.फारूख अब्दुल्ला के घर के सामने सितम्बर 1989 में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष टीकालाल टपलू की हत्या हुई थी। अलगाववादी हड़ताल तथा उग्र प्रदर्शन से बाज नहीं आ रहे थे और मस्जिदों से हिंदुओं को औरतें छोड़कर कश्मीर से भाग जाने के ऐलान किए जा रहे थे। इसी आशय के पोस्टर उनके घरों के दरवाजों पर चिपका दिए गए थे। नतीजतन, अल्पसंख्यक हिन्दुओं के सामूहिक पलायन का सिलसिला शुरू हो गया था। उस समय जम्मू-कश्मीर राज्य में कांग्रेस तथा नेशनल कांफ्रेंस गठबंधन की सरकार थी और डॉ. फारूक अब्दुल्ला मुख्यमंत्री थे। इस बेकाबू हालत को नियंत्रित करने में राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाने की बजाय 20 जनवरी 1990 को एकाएक डॉ. अब्दुल्ला कश्मीर को जलता छोड़ लंदन भाग खड़े हुए थे। उस समय केंद्र में वीपी सिंह प्रधानमंत्री थे और गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद थे। लेकिन कश्मीर के राज्यपाल जगमोहन द्वारा हालात से निपटने के लिए सेना की मांग करने के बावजूद सेना नहीं भेजी गई।

# भाजपा की सांस्कृतिक अधिष्ठान की जीत

डॉ. सौरभ मालवीय

उत्तर प्रदेश में भी कांग्रेस, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और आरएलडी के अध्यक्ष जयंत चौधरी व अन्य दलों ने किसान आन्दोलन का समर्थन किया था। अखिलेश यादव को विश्वास था कि माय अर्थात मुस्लिम और यादवों के वोट बैंक के साथ उन्हें जाटों का भी भरपूर समर्थन मिलेगा, इसलिए उन्होंने आरएलडी के साथ गठबंधन किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने सुभासपा और अपना दल जैसे कई छोटे दलों से भी गठबंधन किया, परन्तु गठबंधन सफल नहीं हुआ

**देश** के पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर विधानसभा चुनाव में प्राप्त हुई विजय ने सिद्ध कर दिया है कि यह भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरे की विजय है। जनता ने भाजपा में विश्वास जताया है, भाजपा की नीतियों का समर्थन किया है। वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं। उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा था, क्योंकि यही चुनाव आगे के लोकसभा चुनाव की दिशा निर्धारित करता है। यह चुनाव योगी आदित्यनाथ के लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना हुआ था। उनका दावा था कि राज्य की जनता उनके विकास कार्यों को देखते हुए उन्हें पुनः सत्ता का बागडोर सौंपेगी। उनका यह दावा सत्य सिद्ध हुआ। कारण स्पष्ट है कि भाजपा अपने चाल चरित्र, चेहरे के अनुसार निरंतर हिंदुत्व की छवि को और सुदृढ़ करने का प्रयास कर रही है। प्राचीन शहरों के नाम बदलना तथा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण इसका उदाहरण है। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का कार्य चल रहा है। सरकार नमामि गंगे योजना के अंतर्गत गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल करने पर विशेष बल दे रही है। गंगा का प्रदूषण कम करने के लिए स्मार्ट गंगा सिटी परियोजना पर कार्य जारी है। योगी सरकार राज्य में पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है। गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए मुख्यमंत्री निराश्रित गौवंश सहभागिता योजना प्रारम्भ की गई है। चार राज्यों विशेषकर उत्तर प्रदेश में मिली विजय से भाजपा नेताओं से लेकर कार्यकताओं और समर्थकों में अपार हर्षोल्लास है। भाजपा इस विजय रथ को आगे बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। भाजपा लगभग साढ़े तीन दशक के पश्चात पहली बार उत्तर प्रदेश में दोबारा सरकार में आई है। इसी प्रकार उत्तराखंड में भी पहली बार भाजपा सरकार दोहराई गई है। गोवा में तो विजयश्री की हैट्रिक लगी है। भाजपा को प्रत्येक दिशा से अपार जनसमर्थन मिला है। इस विजय ने 2024 के परिणामों को लगभग निश्चित कर दिया है। वर्ष 2017 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 325 सीटों पर विजय प्राप्त की थी। उस समय चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर लड़ा गया था। इस बार भाजपा ने 255 सीटों पर विजय प्राप्त की है, परन्तु पिछली बार की तुलना में भाजपा को 57 सीटों की हानि हुई है। किन्तु भाजपा ने इस बार उत्तर प्रदेश में लगभग 42 प्रतिशत मत प्राप्त किए हैं, जबकि पिछले विधानसभा चुनाव में उसे 39.67 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। भाजपा का मत प्रतिशत बढ़ाना पार्टी नेताओं के लिए हर्ष



का विषय है, परन्तु लोकसभा चुनाव में विजय का मार्ग प्रशस्त करने के लिए भाजपा को अपना जनाधार बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करना होगा। पिछले लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा को लगभग 50 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। इस दृष्टि से देखा जाए, तो भाजपा को लोकसभा चुनाव में अपने घटे मत प्रतिशत को पुनः प्राप्त करने के लिए कड़ा परिश्रम करना होगा। उत्तर प्रदेश में भाजपा का मुकाबला समाजवादी पार्टी से है। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने 311 सीटों पर चुनाव लड़ा था। उसे लगभग 28 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। इस बार समाजवादी पार्टी ने 32 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त किए हैं, जो भाजपा के लिए चिंता का विषय है। इस बार सपा ने 111 सीटें प्राप्त की हैं। इस प्रकार उसे 64 सीटों का लाभ हुआ है। बहुजन समाज पार्टी से भाजपा को कोई विशेष खतरा नहीं है, क्योंकि बसपा के मतदाता अच्छी तरह समझ चुके हैं कि मायावती ने उनके नाम पर केवल सत्ता प्राप्त कर उसका सुख भोगा। उन्हें दलित समाज के दुःख-सुख से कोई सरोकार नहीं है। इसलिए इस बार बसपा को केवल एक ही सीट से संतोष करना पड़ा है। पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में उसे 18 सीटों की हानि हुई है। कांग्रेस की बात करें, तो पार्टी की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी के वर्षों के कड़े प्रचार के पश्चात भी उसे केवल दो ही सीटें प्राप्त हो सकीं। पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में उसे पांच सीटों की हानि हुई है। कांग्रेस के पास ऐसा कोई नेता भी नहीं बचा, जो उसके लिए विजय का मार्ग प्रशस्त कर सके। कांग्रेस कहीं भी मुकाबले में दिखाई नहीं देती। पिछले विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी और कांग्रेस के स्टार प्रचारकों के प्रचार के पश्चात कांग्रेस केवल सात ही सीटें जीत पाई थी। इस बार के विधानसभा चुनाव ने कई मिथक तोड़े हैं। विपक्षी दल जिन मुद्दों को सरकार के विरुद्ध मान रहे थे, उनका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। केंद्र के कृषि कानूनों के विरोध में किसानों ने एक लंबे समय तक आंदोलन किया। देशभर में प्रदर्शन हुए और रैलियां निकाली गईं। विपक्षी दलों ने खुलकर किसानों का समर्थन किया। पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह ने किसानों का साथ दिया। इसके पश्चात भी पंजाब की जनता ने आम आदमी पार्टी को चुनकर राजनीति में एक नये अध्याय का प्रारंभ किया। स्थिति तो यह है कि कैप्टन अमरिंदर सिंह अपनी सीट तक नहीं बचा पाए। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश में भी कांग्रेस, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और आरएलडी के अध्यक्ष जयंत चौधरी व अन्य दलों ने किसान आन्दोलन का समर्थन किया था। अखिलेश यादव को विश्वास था कि माय अर्थात मुस्लिम और यादवों के वोट बैंक के साथ उन्हें जाटों का भी भरपूर समर्थन मिलेगा, इसलिए उन्होंने आरएलडी के साथ गठबंधन किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने सुभासपा और अपना दल जैसे कई छोटे दलों से भी गठबंधन किया, परन्तु गठबंधन सफल नहीं हुआ। भाजपा ने किसान आन्दोलन के पश्चात पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 136 विधानसभा सीटों में से 93 पर विजय प्राप्त करके सिद्ध कर दिया कि किसान आन्दोलन निष्प्रभावी रहा। साथ ही लखीमपुर खीरी की उन आठ विधानसभा सीटों पर भी भाजपा ने विजय पाई, जो उसके लिए कठिन मानी जा रही थीं।

वास्तव में भाजपा की विजय भाजपा की नीतियों और उसकी सरकार के विकास कार्यों की विजय है। उत्तर प्रदेश मंह योगी श्री आदित्य नाथ ने मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने के पश्चात राज्य में विकास कार्यों की गंगा बहा दी। राज्य में बेघरों को आवास देने के लिए उत्तर प्रदेश आवास विकास योजना प्रारम्भ की गई। निर्धन परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना आरम्भ की गई। प्रवासी श्रमिकों को रोजगार देने के लिए आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार अभियान प्रारम्भ किया गया। बेरोजगारों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आरम्भ की गई। बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन तथा मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना प्रारम्भ की गई। राज्य के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना प्रारम्भ की गई। बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश बेरोजगारी भत्ता नामक योजना आरम्भ की गई। राज्य के श्रमिकों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ देने के लिए श्रमिक पंजीकरण योजना प्रारम्भ की गई। श्रमिकों के भरण पोषण के लिए राज्य में श्रमिक भरण पोषण योजना आरम्भ की गई है। इसके साथ ही राज्य की समृद्धि के लिए उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। योगी सरकार ने कृषि क्षेत्र पर भी विशेष ध्यान दिया है। राज्य में जैविक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए परम्परागत खेती विकास योजना चलाई जा रही है। खेतों को पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश निःशुल्क बोरिंग योजना तथा उत्तर प्रदेश किसान उदय योजना संचालित की जा रही है। इनके अतिरिक्त बीज ग्राम योजना के अंतर्गत किसानों को धान एवं गेहूं के बीज पर विशेष अनुदान दिया जा रहा है। पारदर्शी किसान सेवा योजना के अंतर्गत किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री किसान एवं सर्वहित बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को समुचित उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। किसानों को ऋण के बोझ से मुक्त करने के लिए किसान ऋण मोचन योजना प्रारम्भ की गई। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। राज्य में अनाथ बच्चों को आसरा देने के लिए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना प्रारम्भ की गई। महिला सशक्तिकरण के लिए भी सरकार अनेक योजनाएं चला रही है।

# अंधेरा अतीत को मिटा नहीं सकता

आशीष वशिष्ठ

**अमरीकी** इतिहास के पन्नों पर टुल्सा नस्लीय नरसंहार अंकित है। 1921 में टुल्सा नरसंहार में 300 अफ्रीकी-अमरीकी लोग मार डाले गये और दस हजार से ज्यादा बेसहारा और बेघर हो गये। बीते वर्ष 2 जून को टुल्सा नस्लीय नरसंहार के 100 साल पूरे होने पर राष्ट्रपति बाइडेन पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राष्ट्रपति जो बाइडन ने इतिहास को लेकर जो टिप्पणी की, वो काबिलेगौर है। राष्ट्रपति बाइडन ने कहा, ह्यएक अरसे से इतिहास उस घटना की मूक गवाही दे रहा है, जो यहां घटी थी और अंधकार में दब कर रह गई। परन्तु अगर अतीत चुप है तो इसका मतलब यह नहीं कि घटना घटी ही नहीं। और अंधेरा सिर्फ छिपा सकता है, अतीत को मिटा नहीं सकता। कुछ अन्याय इतने भयावह होते हैं कि उन्हें भुलाया नहीं जा सकता। केवल सच, न्याय और अतीत में मिले घावों पर मरहम लगाना ही एकमात्र उपाय है। सच का सामना कर हमें स्वीकारना होगा कि हमारे पास यह विकल्प नहीं है कि जो हम जानना चाहते हैं, सिर्फ वही जानें, और वह नहीं, जिसके बारे में जानना चाहिए। महान राष्ट्र अच्छे-बुरे सभी तरह के अतीत को स्वीकार करते हैं। जरूरत है अतीत को मुकम्मल कर राष्ट्र का पुनर्निर्माण किया जाए। बात अगर अपने देश की जाए तो हमारे इतिहास के पन्नों पर कई ऐसी दर्दनाक घटनाएं अंकित है, जिन्हें स्मरण करने मात्र से ही आंखों में आंसू भर जाते हैं। ऐसी ही एक दुःखद घटना है, कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों का पलायन। 19 जनवरी 1990 की सर्द सुबह थी। कश्मीर की मस्जिदों से उस रोज अजान के साथ-साथ कुछ और नारे भी गूंजे। यहां क्या चलेगा, निजाम-ए-मुस्तफा, कश्मीर में अगर रहना है, अल्लाहू अकबर कहना है और असि गछि पाकिस्तान, बटव रोअस त बटनेव सान मतलब हमें पाकिस्तान चाहिए और हिंदू औरतें भी मगर अपने मर्दों के बिना। यह संदेश था कश्मीर में रहने वाले हिंदू पंडितों के लिए। सड़कों पर इस्लाम और पाकिस्तान की शान में तकरीरें हो रही थीं। हिंदुओं के खिलाफ जहर उगला जा रहा था। उस रात घाटी से पंडितों का पहला जत्था निकला। मार्च और अप्रैल के दरम्यान हजारों परिवार घाटी से भागकर भारत के अन्य इलाकों में शरण लेने को मजबूर हुए। कश्मीरी पंडित संघर्ष समिति के अनुसार, जनवरी 1990 में घाटी के भीतर 75,343 परिवार थे। 1990 और 1992 के बीच 70,000 से ज्यादा परिवारों ने घाटी को छोड़ दिया। एक अनुमान है कि आतंकियों ने 1990 से 2011 के बीच 399 कश्मीरी पंडितों की हत्या की। पिछले 30 सालों के दौरान घाटी में बमुश्किल 800 हिंदू परिवार बचे हैं। कश्मीर घाटी से हिंदुओं के विस्थापन और जिहादियों की ओर से उन पर हुए अत्याचारों पर केंद्रित फिल्म द कश्मीर फाइल्स इन दिनों चर्चा में है। इस विषय पर अनेक पुस्तकें पहले ही आ चुकी थीं किन्तु उनकी पहुंच उतनी व्यापक न हो पाने से चर्चित होने के बाद भी वे बहुत ज्यादा प्रसारित नहीं हो सकीं किन्तु इस फिल्म को लेकर पूरे देश में विरोध और समर्थन के स्वर सुनाई दे रहे हैं। अमूमन इस तरह की फिल्में कब आती और चली जाती हैं ये पता ही नहीं चलता। इसीलिये उसके प्रदर्शन हेतु मात्र 600 सिनेमा स्क्रीन उपलब्ध करवाई गईं किन्तु महज तीन दिनों के भीतर उनकी संख्या 2200 तक पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि दर्शक उसे हाथों-हाथ ले रहे हैं। फिल्म में अनुच्छेद 370 का और कांग्रेस का जिक्र होने से इसका सियासी फलक बड़ा हो गया है। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी इस फिल्म को लेकर आमने-सामने खड़े दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमन्त्री सहित अनेक विशिष्ट हस्तियों ने उसे देखकर न सिर्फ प्रशंसा की अपितु उसे देखने की सिफारिश भी कर डाली। भाजपा शासित अनेक राज्यों ने उसे टेक्स फ्री भी कर दिया। दूसरी तरफ एक वर्ग विशेष उसके विरोध में मुखर हो उठा है। इसमें वामपंथियों के अलावा बुद्धिजीवियों और राजनेताओं की वह वर्ग भी शामिल है जिसे कश्मीर फाइल्स मे मुस्लिम विरोध नजर आ रहा है। इनका कहना है कि तीन दशक पुराने उस हादसे को लोग भूलने लगे थे लेकिन इस फिल्म के कारण जो घाव समय के साथ भरने लगे थे, वे फिर से हरे हो जायेंगे। लेकिन इतिहास में जो पाप या अत्याचार हो चुका है उसे भूलने से उनकी पुनरावृत्ति की गुंजाईश ज्यादा रहती है। कश्मीर फाइल्स का विरोध और दुष्प्रचार ये उसी गिरोह का काम है जिसे भारत इसलिए रहने लायक नहीं लगता क्योंकि यहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सहिष्णुता का अभाव है। अवार्ड वापिसी के माध्यम से खुद को मानवाधिकारों का पहरुआ साबित करने वाले इन लोगों को याकूब मेनन की फांसी रुकवाने के लिए राष्ट्रपति को हस्ताक्षरित ज्ञापन देने में तो शर्म नहीं आई किन्तु कश्मीरी पंडितों पर हुआ अमानवीय व्यवहार इनके लिये भूल जाने योग्य वाकया है। ये वही लोग हैं जिन्हें अफजल गुरु निर्दोष लगता था और जेएनयू में भारत तेरे टुकड़े होंगे जैसे नारे लागाने वाले आजादी के सिपाही।

ये अवधारणा गलत नहीं है कि कश्मीर में रहने वाले आम मुसलमान मन ही मन अलगाववाद के समर्थक थे। वैसे इसका एक कारण उनके मन में आतंकवादियों के हाथों मारे जाने का डर भी था परन्तु ये त्रासदी तो पंजाब में खालिस्तानी आतंक के दौर में सिखों ने भी तो भोगी और नक्सल प्रभावित इलाकों के लोगों को भी उनकी हिंसा का शिकार होना पड़ता है।

विचार

## रंगो से सरोबार होती है राजस्थान में होली

रमेश सर्राफ धमोरा

रंगो का पर्व होली का नाम सुनते ही हर उम्र के व्यक्तियों के चेहरे पर खुशियां दिखने लगती हैं। देश के हर प्रदेश में होली का पर्व अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है। मगर राजस्थान में होली मनाने का अलग ही अंदाज दिखता है। होली के अवसर पर राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में कई तरह के आयोजन किए जाते हैं। होली के विविध रंग देखने में आते हैं। राजस्थान की लोक परंपराओं और प्रथाओं में फाल्गुन मास के अल्हड़ लोकगीत और चंग की थाप अपना एक अलग ही महत्व रखते हैं। मस्ती और छेड़छाड़ भरे लोकगीतों के स्वर उस समय अधिक सुरीले हो जाते हैं। जब घुंघरू की झंकार के साथ चंग की थाप में मस्तानों की टोलियां झूमती नजर आती हैं। राजस्थान के मंदिरों में होली पर रंग-गुलाल के साथ फाग उत्सव का आयोजन किया जाता है। जयपुर के इष्टदेव गोविंद देव मंदिर में रंगो से सरोबार नजारा देखने लायक होता है।

मेवाड अंचल के भीलवाड़ा जिले में शीतला सप्तमी पर खेली जाने वाली लठमार होली का अपना एक अलग ही मजा रहा है। माहेश्वरी समाज के स्त्री-पुरूष यह होली खेलते हैं। डोलचियों में पानी भरकर पुरूष महिलाओं पर डालते हैं और महिलाएं लाठियों से उन्हें पीटती हैं। यहां होली के बाद बादशाह की सवारी निकाली जाती है, वहीं शीतला सप्तमी पर चित्तौडगढ़ वालों की हवेली से मुर्दे की सवारी निकाली जाती है।

इसमें लकड़ी की सीढी बनाई जाती है और जिंदा व्यक्ति को उस पर लिटाकर अर्थी पूरे बाजार में निकालते हैं। इस दौरान युवा इस अर्थी को लेकर पूरे शहर में घूमते हैं। लोग इन्हें रंगों से नहला देते हैं। बीकानेरी होली का सबसे आकर्षण का केन्द्र होता है। पुष्करणा समाज के हर्ष व व्यास जाति के बीच खेला जाने वाला डोलची। पानी का खेल डोलची चमड़े से बना एक ऐसा पात्र है जिसमे पानी भरा जाता है व जोरदार प्रहार के साथ सामने बाले की पीठ पर इस पानी को मारा जाता है। बाड़मेर में पत्थर मार होली खेली जाती है तो अजमेर में कोड़ा अथवा सांतमार होली लोग बहुत धूम-धाम से मनाते हैं। हाड़ोती क्षेत्र के सांगोद कस्बे में होली के अवसर पर नए हिजड़ों को हिजड़ों की जमात में शामिल किया जाता है। इस अवसर पर बाजार का न्हाण और खाड़े का न्हाण नामक लोकोत्सवों का आयोजन होता है। खाडे के न्हाण में जम कर अश्लील भाषा का प्रयोग किया जाता है। भरतपुर के ब्रजांचल में फाल्गुन का आगमन कोई साधारण बात नहीं है। ब्रज के गांव की चैपालों पर ब्रजवासी ग्रामीण अपने लोकवाद्य बम के साथ अपने ढप, ढोल और झांझ बजाते हुए रसिया गाते हैं। डीग क्षेत्र की ग्रामीण महिलाएं अपने सिर पर भारी भरकम चरकुला रखकर उस पर जलते दीपकों के साथ नृत्य करती हैं।

संपूर्ण ब्रज में इस तरह आनंद की अमृत वर्षा होती है। यह परम्परा ब्रज की धरोहर है। बरसाने, नंदगांव, कामां, डीग आदि स्थानों पर ब्रज की लत्रठमार होली की परम्परा आज भी यहां की संस्कृति को पुष्ट करती है। चैत्र कृष्ण द्वितीया को दाऊजी का हुरंगा भी प्रसिद्ध है। ब्रह्मानगरी पुष्कर की कपड़ा फाड़ होली ने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी धाक जमा ली है। यहां विदेशी सैलानियों के साथ स्थानीय और देशी पर्यटक बड़ी धूमधाम के साथ होली खेलते हैं और एक दूसरे के कपड़े भी फाड़ते हैं। शेखावाटी अंचल में होली एक सुप्रसिद्ध लोक पर्व है तथा इस पर्व को क्षेत्र में पूरे देश से अलग ही ढंग से मनाया जाता है। होली पर चंग पर गाई जाने वाली धमालों में यहां की लोक संस्कृति का ही वर्णन होता है। इन धमालों के माध्यम से जहां प्रेमी अपनी प्रेमिकाओं को अपने प्रेम का संदेशा पहुंचाते हैं। वहीं श्रद्धालु धमालों के माध्यम से लोक देवताओं को याद कर सुख समृद्धि की कामना करते हैं। धमाल के साथ ही रात्रि में नवयुवक विभिन्न प्रकार के स्वांग भी निकाल कर लोगों का भरपूर मनोरंजन करते हैं। गांवों में स्त्रियां रात्रि में चैक में एकत्रित होकर मंगल गीत, बधावे गाती हैं। शेखावाटी क्षेत्र में पुरुष चंग बजाते हुये नृत्य करते हैं। यह मुख्यतः होली के दिनों में किया जाता है।

चंग को प्रत्येक पुरुष अपने एक हाथ से थाम कर और दूसरे हाथ से बजाते हुए वृत्ताकार घेरे में नृत्य करते हैं। घेरे के मध्य में एकत्रित होकर धमाल और होली के गीत गाते हैं। शेखावाटी में ढूंढ का चलन अभी है। परिवार में बच्चे के जन्म होने पर उसका ननिहाल पक्ष की और से होली पर बच्चे को कपडे और खिलौने देते हैं।

# भारत के हित और पड़ोसियों के साथ संपर्क

प्रियंका 'सौरभ'

शीत युद्ध के दौरान रणनीतिक अलगाव, उपेक्षा की नीति और किसी भी गुट में न शामिल होने की घोषणा के बाद भारत की क्षेत्रीय नीति सीमा पार संबंधों को मजबूत करने की दिशा में स्थानांतरित हो गई। भारत ने अपनी प्रगति पर विशेष ध्यान देते हुए नई पाइपलाइन बिछाने, बिजली नेटवर्क का निर्माण, बंदरगाह, रेल और हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे का उन्नयन, और लोगों से लोगों के आदान-प्रदान को मजबूत करना अपनी नीतियों में शामिल किया। भारत के सामरिक और आर्थिक हितों के लिए पड़ोसियों के साथ क्षेत्रीय संपर्क का महत्व भारत ने अच्छी तरह समझा। मगर कनेक्टिविटी की इस नीति के साथ दशकों के भू-रणनीतिक विचलन, राजनीतिक राष्ट्रवाद और आर्थिक संरक्षणवाद को भी हमने अपने सामने पाया। नई कनेक्टिविटी नीति से चीन ने भारत को चुनौती मानाऔर अपनी भू-रणनीतिक प्रतिक्रिया से उपमहाद्वीप में अभूतपूर्व संबंध बनाने शुरू किये हैं। भारत के प्रभाव क्षेत्र को तोड़ते हुए, बीजिंग ने पूरे दक्षिण एशिया में अपने राजनयिक, आर्थिक और राजनीतिक पदचिह्न का व्यापक रूप से विस्तार किया है। भारत की कनेक्टिविटी नीति में दूसरा बाधक आर्थिक विकास और क्षेत्र में इसके बाजार का अनुपातहीन आकार और केंद्रीयता है। बढ़ते खपत स्तर और बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण से दक्षिण एशिया का भूगोल तेजी से सिकुड़ रहा है। इसके विपरीत, घटते समय और व्यापार की लागत के साथ, सीमा पार आर्थिक संबंधों को गहरा करने के लिए प्रोत्साहन की मांग भी बढ़ी हैं। इंडो एशिया शब्द एक सांस्कृतिक दृष्टि से आकार लेता है जो एक सभ्यतागत शक्ति के रूप में भारत की पिछली केंद्रीयता को फिर से सक्रिय करने का दावा करता है। भू-रणनीतिक और आर्थिक कारकों को लागू करते हुए इस "इंडिक" दृष्टिकोण ने पूरे क्षेत्र में नए लोगों से लोगों के संपर्क को सक्रिय करने का प्रयास किया है। आज क्षेत्रीय सहयोग की मांग पहले से कहीं अधिक है और 10 या 20 साल पहले की तुलना में कहीं अधिक सार्थक हैं। भारत को क्यों, कहाँ और किन शर्तों पर क्षेत्र में कनेक्टिविटी मायने रखती है, के लिए सूचित विकल्प बनाने होंगे। एक प्रभावी भारतीय संपर्क रणनीति इस क्षेत्र के विशेषज्ञ ज्ञान, अनुसंधान और डेटा पर निर्भर करेगी। चीन की बदौलत अब भारत के पड़ोसी देशों में रुचि बढ़ रही है और दक्षिण एशियाई उपेक्षित क्षेत्र में विश्वविद्यालयों, थिंक टैंकों और राजनयिक और सैन्य प्रशिक्षण संस्थानों में पुनरुद्धार का अनुभव हो रहा है, लेकिन इससे कहीं अधिक की आवश्यकता है। इंडिया की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी पहल, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए एक अधिक रणनीतिक भारतीय दृष्टिकोण का समर्थन करके इन मांगों और चुनौतियों का समाधान करने का प्रयास करती है। फोकस भारत के क्षेत्रीय पड़ोस पर है। भारत की वैश्विक प्राथमिकताएं- चाहे वह व्यापक खाड़ी क्षेत्र, हिंद महासागर, या दक्षिण पूर्व एशिया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हो, तब तक लड़खड़ाती है जब तक कि देश पहले अपनी परिधि से नहीं जुड़ता। कनेक्टिविटी महत्वपूर्ण है। यह न केवल व्यापार और समृद्धि को बढ़ाता है। यह एक क्षेत्र को जोड़ता है। भारत सदियों से चौराहे पर रहा है। हम कनेक्टिविटी के लाभों को समझते हैं। क्षेत्र में कई नई कनेक्टिविटी पहल हैं। अगर हमें सफल होना है, तो हमें न केवल बुनियादी ढांचे का निर्माण करना होगा, बल्कि हमें विश्वास के पुल भी बनाने होंगे।

## होली के त्योहार कैमिकल से भरे रंगों से खुद को कैसे बचाएं?

विजय गर्ग

होली पर रंगों से खेलना किसे पसंद नहीं होता। होली खेलने में जितना आनंद आता है, उन रंगों को छुड़ाना उतना ही मेहनत का काम होता हैं। कई बार लोग इतने पक्के रंगों का इस्तेमाल करते हैं कि त्योहार खत्म होने के बाद भी कुछ दिनों तक उनके चहरों पर होली के रंग दिखाई देते रहते हैं। तो वहीं कईयों को इन पक्के रंगों से स्किन रिएक्शन भी हो जाता हैं। ऐसे में हमें पहले से ही कुछ उपाय करने चाहिए जिससे त्वचा पर रंग ज्यादा दिनों तक टिका ना रहे और त्वचा को इससे कोई नुकसान भी ना पहुंचे। आज हम आपके लिए ऐसे ही कुछ खास तरकीबें लाए हैं जिनसे आप मन भर रंगों से खेल भी सकते हैं और आपको कोई नुकसान भी नहीं होगा।कैसे करें खुद की देखभाल- होली खेलने से एक रात या दो घंटे पहले चेहरे पर बादाम के पाउडर और दूध के मिश्रण को चेहरे पर लगा लें। तकरीबन 20 मिनट बाद चेहरे को धो लें। इससे रंगों से होनी वाली समस्याओं से बचा जा सकता है। इस बार रंगों के साथ आप सरसों/नारियल तेल या वैसलीन का डिब्बा खरीदना बिलकुल भी ना भूलें। होली वाले दिन रंगों से खेलने के पहले अपने पूरे शरीर पर सरसों या नारियल तेल से मालिश कर लें। तेल थोड़ा अधिक लगाएं ताकि वह स्किन पर टिका रह सके। तेल की चिकनाहट से कोई भी रंग आपके शरीर पर नहीं चढ़ेगा और आसानी से साफ भी हो जाएगा। होली खेलने से पहले सनस्क्रीन लगाना बिल्कुल न भूलें। इसका कारण यह है कि होली खेलते समय हम धूप में भी होते हैं और बिना सनस्क्रीन के सूर्य की किरणों से हमारी त्वचा को नुकसान भी हो सकता है। होली खेलते समय अक्सर देखा गया है कि आखों में रंग चला जाता है और ये हमारी आंखों के लिए अच्छा नहीं है। रंगों से अपनी आंखों को बचाने के लिए आप तरह-तरह के बाजारों में मिलने वाले चश्मे पहन सकते हैं। इससे आपकी आंखों को नुकसान भी नहीं होगा।

# मेसी के बाद रोनाल्डो भी चैंपियंस लीग से बाहर, 16 साल में पहली बार कोई क्लब ट्रॉफी नहीं जीत सके





**लंदन।** यूएफा चैंपियंस लीग फुटबॉल में क्रिस्टियानो रोनाल्डो के मैनचेस्टर यूनाइटेड क्लब को हार का सामना करना पड़ा। राउंड ऑफ-16 के मुकाबले में एटलेटिको मैड्रिड ने मैन. यूनाइटेड को एग्रीगेट में 2-1 से हराया। मंगलवार को दूसरे लेग के मुकाबले में एटलेटिको ने 1-0 से जीत दर्ज की।

**नॉकआउट में होते हैं दो-दो मुकाबले**

नॉकआउट राउंड में दोनों टीमें एक दूसरे से अपने-अपने होम ग्राउंड पर दो मैच खेलती हैं। पहले लेग में स्कोर 1-1 से बराबर रहा था। वहीं, दूसरे लेग में स्कोर 1-0 से एटलेटिको के पक्ष में रहा। इस लिहाज से दोनों लेग को मिलाकर एटलेटिको मैड्रिड ने 2-1 से जीत दर्ज की।

**मेसी की टीम को भी हार का सामना करना पड़ा था**

इससे पहले अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी के क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को भी नॉकआउट राउंड (राउंड ऑफ-16) से बाहर होना पड़ा था। उन्हें स्पैनिश क्लब रियल मैड्रिड ने एग्रीगेट में 3-2 से हराया था।

**एटलेटिको मैड्रिड ने अपने नाम किया रिकॉर्ड**

एटलेटिको मैड्रिड ने इस जीत के साथ एक रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। टीम चैंपियंस लीग के इतिहास में नॉकआउट स्टेज में इस टूर्नामेंट को जीतने वाली तीन इंग्लिश विनर्स क्लब को हराने वाली पहली टीम बन गई है। इसमें चेल्सी, लिवरपूल और मैनचेस्टर यूनाइटेड शामिल है। एटलेटिको के लिए दूसरे लेग में एकमात्र गोल रेनन लोदी ने 41वें मिनट में किया।

**रोनाल्डो पहली बार कोई क्लब ट्रॉफी नहीं जीत सके**

मैन. यूनाइटेड के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो क्लब फुटबॉल में पहली बार बिना किसी क्लब ट्रॉफी के साथ सीजन का अंत करेंगे। यूनाइटेड टीम इस साल प्रीमियर लीग और चैंपियंस लीग समेत किसी भी प्रतियोगिता की ट्रॉफी नहीं जीत सकी।

**मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम का खराब प्रदर्शन**

मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम चैंपियंस लीग में अपने पिछले आठ में से छह नॉकआउट मैचों में हार चुकी है। उससे पहले टीम ने 16 नॉकआउट मैचों में से 13 मैच जीते थे।

ये दिखाता है कि पिछले कुछ सीजन से नॉकआउट मैचों में मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम चोक कर जा रही है। रोनाल्डो के आने से भी टीम को कोई फायदा मिलता नहीं दिख रहा है।

## पंकज आडवाणी ग्रुप में शीर्ष पर, नॉकआउट के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** पूर्व चैंपियन पंकज आडवाणी ग्रुप ए में शीर्ष पर रहते हुए एशियन स्नूकर चैंपियनशिप के नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई कर गए। आडवाणी ने हाल ही में विश्व चैंपियन बने पाकिस्तान के एहसान रमजान को 4-1 से पराजित किया। मैच के



पहले फ्रेम में एहसान ने बढ़त बनाई लेकिन आडवाणी ने इसे 73-38 से जीत लिया। दूसरे फ्रेम में पंकज ने 50 अंक के ब्रेक के साथ 2-0 से बढ़त बनाई। इसके बाद एहसान ने अगले फ्रेम में 58 के ब्रेक के साथ वापसी कर स्कोर 1-2 किया, लेकिन आडवाणी ने 102 अंक की शतकीय ब्रेक के साथ 3-1 से बढ़त बना ली। चौथे फ्रेम में आडवाणी ने 44 अंक के ब्रेक के साथ बढ़त ली, लेकिन एहसान ने वापसी कर ली। आखिर में आडवाणी ने पांचवें फ्रेम को जीतकर मुकाबला अपने नाम किया।

## लंपिक पदक विजेता लवलीना बोर्गोहेन ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का किया दौरा, स्टार मुक्केबाज ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार युवा महिला मुक्केबाज लवलीना बोर्गोहेन ने राष्ट्रीय राजधानी में देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजली दी। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता 24 वर्षीय बोर्गोहेन ने यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा किया और देश के लिए अपनी शहादत देने वाले वीर जवानों को सलामी दी। इस मौके पर उन्होंने कहा,



'बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए युद्ध स्मारक पर आना मेरे लिए गर्व का क्षण है। मैं नेशनल और एशियाई खेल के लिए प्रशिक्षण ले रही हूं जो इस साल के अंत में होंगे। 'लवलीना ने पिछले साल टोक्यो में आयोजित ओलंपिक में मुक्केबाजी की वेल्टरवेट स्पर्धा में देश के लिए कांस्य पदक जीता था. वह ओलंपिक में मुक्केबाजी में पदक जीतने वाली देश की सिर्फ तीसरी खिलाड़ी बनी थीं। 2020 में उन्हें उनके खेलों में योगदान के लिए अर्जुन अवार्ड से नवाजा गया था। वहीं 2021 में ओलंपिक पदक जीतने के बाद उन्हें असम सरकार ने डीएसपी बनाया था।

## युजवेंद्र चहल बने राजस्थान रॉयल्स के कप्तान, टीम का ट्विटर अकाउंट हुआ हैक

**नई दिल्ली।** आईपीएल का 15वां सीजन शुरू होने वाला है। इसके लिए सभी टीमों के खिलाड़ी इकट्ठा होना शुरू हो गए हैं। पहले सीजन की चैंपियन राजस्थान रॉयल्स की टीम इस बार आईपीएल को खिताब को जीत कर इस सूखे को खत्म करना चाहेगी। पर इससे पहले ही राजस्थान रॉयल्स टीम का ट्विटर अकाउंट हैक हो गया है। हैक होने के बाद राजस्थान रॉयल्स के ट्विटर अकाउंट से चहल को टीम का नया कप्तान बना दिया है।दरअसल लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और मस्ती मजाक करते रहते हैं। वहीं राजस्थान रॉयल्स का ट्विटर अकाउंट भी फैंस के बीच काफी पसंद किया जाता है। क्योंकि वह अक्सर मैच से संबंधित मीम्स बनाता है। पर मस्ती मजाक में चहल ने अपनी ही टीम का अकाउंट हैक कर लिया और ट्वीट करते हुए खुद को टीम का नया कप्तान बना दिया। राजस्थान रॉयल्स टीम का अकाउंट हैक करने के बाद चहल मस्ती करने लगे। चहल ने पहले खुद को टीम का नया कप्तान घोषित किया। फिर उसके बाद अपनी बैटिंग करते हुए की फोटो शेयर करते हुए लिखा कि अगर इस फोटो को 10 हजार रीट्वीट आएंगे तो वह जॉस बटलर के साथ ओपनिंग करने के लिए आएंगे। गौर हो कि राजस्थान रॉयल्स ने टीम का कप्तान संजू सैमसन को बनाया है। संजू सैमसन ने भी चहल के कप्तान घोषित करने पर ट्वीट करते हुए मुबारकबाद दी। इसके बाद चहल ने ट्वीट करते हुए कहा कि तुम जल रहे हो।

## मोनिका-अर्चना की हार से भारतीय चुनौती खत्म

### क्वार्टरफाइनल में जापानी खिलाड़ियो से मिली शिकस्त

**नई दिल्ली।** मनिका बत्रा और अर्चना कामथ की भारतीय जोड़ी को सिंगापुर स्मैश टेबल टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल के क्वार्टर फाइनल में इस जोड़ी की हार के साथ 20 लाख डॉलर इनामी वाले टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती



भी खत्म हो गई। जापान की दूसरी वरीय जोड़ी हिना हयाता और मिमा इतो ने भारतीय जोड़ी को सिर्फ 25 मिनट में 11-7, 11-4, 11-8 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। युगल में छठे नंबर की मनिका और अर्चना की जोड़ी को जापान की जोड़ी के खिलाफ लय हासिल करने के लिए जूझना पड़ा। भारतीय जोड़ी को बाएं हाथ की खिलाड़ी हयाता के स्पिन शॉट के खिलाफ विशेष रूप से परेशानी हुई। अब डब्ल्यूटीटी फीडर दोहा 2022 टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ी हिस्सा लेंगी।

## पहली बार किसी भारतीय पहलवान को ईरान से मिला बुलावा

### तीन बार के विश्व विजेता ने बजरंग का किया जोरदार स्वागत

**नई दिल्ली।** तीन बार के विश्व चैंपियन और ओलंपिक पदक विजेता ईरानी पहलवान हसन यजदानी के बुलावे पर भारतीय पहलवान बजरंग ईरान में तैयारियों को अंजाम दे रहे हैं। बीते कई वर्षों में भारतीय कुश्ती संघ की काफी कोशिशों के बावजूद ईरान ने भारतीय पहलवानों को अपने यहां तैयारियों के लिए नहीं बुलाया। लेकिन दिग्गज यजदानी ने बजरंग के साथ दोस्ती निभाते हुए न सिर्फ इस परंपरा को तोड़ा बल्कि टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता का जूबर (ईरान) में दिल को छूने वाला स्वागत किया। यजदानी यहां साथ रहकर बजरंग को ईरान के नामी पहलवानों के साथ तैयारियां करा रहे हैं।

**नामी पहलवानों के साथ कर रहे तैयारियां**

बजरंग अपने निजी प्रशिक्षक अर्जुन अवार्डी सुजीत मान के साथ इस माह यजदानी की





अकादमी पहुंचे। यहां वह 70 किलो में जूनियर कैडेट विश्व चैंपियन मेहदी एशघी, जूनियर विश्व चैंपियन मेहदी येगानेह, अबुलफजल हाजीपोर, इमान सादेघी के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं। बजरंग 24 मार्च को आईजी स्टेडियम, दिल्ली में होने वाले एशियाई चैंपियनशिप के ट्रायल में शिरकत करने ईरान से यहां पहुंचेंगे।

**मालाएं पहनाकर तालियां बजाकर हुआ स्वागत**

सुजीत खुलासा करते हैं कि बजरंग और यजदानी दोनों एक दूसरे का सम्मान करते हैं। इसी बीच यजदानी ने दोस्ती की खातिर बजरंग को अपने यहां ट्रेनिंग का प्रस्ताव दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार लिया। बजरंग इस्तांबुल (तुर्की) का रैंकिंग टूर्नामेंट घुटने में खिचाव के चलते नहीं खेल पाए थे। वह तुर्की से ही ईरान चले आए।

सुजीत के मुताबिक जब बजरंग अकादमी में पहुंचे तो वहां मौजूद पहलवानों ने मालाएं पहनाकर और एक साथ जोरदार तालियां बजाकर स्वागत किया। बजरंग को ईरान में बेहद सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है।

## वनडे में 250 विकेट लेने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनीं झूलन गोस्वामी, विश्व कप में बनाया रिकॉर्ड

**माउंट मनगनुई।** महिला विश्व कप में भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। इस हार के साथ ही भारत के लिए सेमीफाइनल की राह मुश्किल हो गई है। अब सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए भारत को ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी। भारत के लिए यह मैच भले ही कुछ खास न रहा हो, लेकिन झूलन गोस्वामी ने इसे अपने लिए यादगार बना लिया है। इस मैच में उन्होंने वनडे क्रिकेट में अपने 250 विकेट पूरे किए। वो यह कारनामा करने वाली पहली महिला क्रिकेटर हैं। 39 साल की झूलन





अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 250 विकेट ले चुकी हैं। वो एकमात्र महिला खिलाड़ी हैं, जिन्होंने वनडे में 200 से ज्यादा विकेट लिए हैं और अब उन्होंने 250 विकेट लेकर नया कीर्तिमान बनाया है।

**टेस्ट में भी 44 विकेट झटके**-झूलन गोस्वामी ने वनडे के अलावा टेस्ट क्रिकेट में भी कमाल की गेंदबाजी की है। उन्होंने 12 टेस्ट में 44 विकेट अपने नाम किए हैं। इस दौरान उन्होंने तीन बार पांच विकेट और एक बार 10 विकेट लेने का कारनामा भी किया है। एक पारी में उनका सर्श्रेष्ठ प्रदर्शन 25 रन देकर पांच विकेट है, जबकि एक मैच में उनका सबसे बेहतरीन प्रदर्शन 78 रन देकर 10 विकेट रहा है। इसके अलावा झूलन ने टी-20 क्रिकेट में भी 68 मैचों में 56 विकेट झटके हैं और 5.45 की इकोनॉमी से रन दिए हैं। बल्ले के साथ भी उन्होंने 405 रन बनाए हैं।

## राही सरनोबत, मनु भाकर राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल में जीतीं

**नई दिल्ली / भोपाल।** गत एशियाई खेल चैम्पियन राही सरनोबत ने राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टी1 स्पर्धा जीती जबकि पार्थ माखीजा ने पुरूषों और जूनियर पुरूष दस मीटर एयर राइफल में बाजी मारी। ओलिम्पियन मनु भाकर ने जूनियर महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया। राही ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में अभिज्ञा अशोक पाटिल को 19.16 से



हराया।वहीं, रिदम सांगवान ने चिंकी यादव को हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरूषों के दस मीटर एयर राइफल टी1 निर्णायक मुकाबले में दिल्ली के माखीजा ने पश्चिम बंगाल के अभिनव शॉ को 16.4 से हराया। इसके बाद जूनियर वर्ग में दुनिया के पूर्व नंबर एक राजस्थान के दिव्यांश सिंह पंवार को 16.10 से मात दी। मनु ने अपने वर्ग में रिदम को 19.14 से हराया। इन ट्रायल के आधार पर बाकू में होने वाले विश्व कप और सुल में होने वाले जूनियर विश्व कप के लिए टीमों का चयन होगा।

## मैनचेस्टर सिटी का मैच देखने पहुंचे रणवीर सिंह, क्रिस्टल पैलेस के कोच ने गिफ्ट की जर्सी

**लंदन।** इंग्लिश प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर सिटी और क्रिस्टल पैलेस के बीच मैच 0-0 पर ड्रॉ रहा। यह मैच ड्रॉ खेलने के साथ ही मैनचेस्टर की टीम अंकतालिका में टॉप पर बनी हुई है। मैनचेस्टर सिटी के पास 70 अंक हैं। वहीं इस क्रिस्टल की टीम 34 अंकों के साथ 11वें स्थान पर बनी हुई है।

बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह भी यह मैच देखने पहुंचे थे। उन्हें एक्टिंग के अलावा फुटबॉल भी पसंद है और उन्हें पहले भी कई बार फुटबॉल मैच के दौरान स्टेडियम में देखा गया है। भारत में आयोजित होने वाली फुटबॉल लीग आईएसएल के कई मैचों के दौरान भी रणवीर को स्टेडियम में देखा गया है।

इस मैच के दौरान रणवीर सिंह ने खूब मस्ती की और कई दिग्गज लोगों से मिले।





क्रिस्टल पैलेस के कोच पैट्रिक विएरा ने उन्हें टीम की जर्सी भी तोहफे में दी। उनकी टीम भले ही यह मैच हार गई हो, लेकिन पैट्रिक ने रणवीर को खास जर्सी देकर उनका दिल जीत लिया। इस जर्सी में रणवीर का नाम लिखा हुआ है और जर्सी नंबर 83 भी लिखा है। उन्होंने हाल ही में 83 फिल्म में काम किया था, जो 1983 क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली टीम की कहानी पर आधारित थी। मैच के दौरान रणवीर ने जमकर मस्ती की और उनकी ऊर्जा देखते बन रही थी। हालांकि, क्रिस्टल के खिलाफ ड्रॉ खेलने के बाद मैनचेस्टर सिटी ने लिवरपूल को अपने करीब आने का मौका दे दिया है।

66 प्वाइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर काबिज लिवरपूल अब सिटी के और करीब आ चुका है। मैनचेस्टर की टीम पिछले दो मैचों में जीत नहीं हासिल कर पाई है। जबकि, लिवरपूल पिछले पांच मैच जीत चुका है। रणवीर ने इस मैच के दौरान खूब भागदौड़ की और सभी के साथ मस्ती करते दिखे। रणवीर कपूर की बात करें तो उनके पास आने वाले समय में जयेशभाई जोरदार, सर्कस के अलावा रॉकी और रानी की प्रेम कहानी जैसी फिल्में हैं।

## इंग्लैंड के खिलाफ हार के बावजूद सेमीफाइनल में पहुंच सकता है भारत

**माउंट मनगनुई।** महिला विश्व कप में भारतीय टीम अब तक चार मैच खेल चुकी है। दो में उसे जीत मिली है, जबकि दो में हार का सामना करना पड़ा है। चार अंकों के साथ भारतीय टीम अंकतालिका में तीसरे स्थान पर मौजूद है। इंग्लैंड के खिलाफ मिली हार के बाद भारत के लिए सेमीफाइनल की राह कठिन हो गई है, लेकिन अभी भी भारत सेमीफाइनल में पहुंच सकता है। आने वाले तीन मैचों में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश से होगा। बांग्लादेश के खिलाफ भारत आसानी से जीत हासिल कर सकता है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। ये दोनों टीमें अब तक टूर्नामेंट में अजेय हैं।

महिला विश्व कप की अंकतालिका में ऑस्ट्रेलिया की टीम लगातार चार मैच जीतकर पहले पायदान पर बनी हुई है। कंगारू टीम के पास आठ अंक हैं। वहीं दूसरे स्थान पर काबिज दक्षिण अफ्रीका के पास छह अंक हैं। अफ्रीका लगातार तीन मैच जीत चुकी है। भारत, न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज चार मैचों में दो जीत के साथ क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। इन तीनों टीमों के पास चार अंक हैं, लेकिन भारत का रन रेट सबसे बेहतर है। यही पांच टीमें सेमीफाइनल में पहुंचने की प्रबल दावेदार हैं।

**क्या है सेमीफाइनल का गणित**

महिला विश्व कप के लीग मैच खत्म होने के बाद अंकतालिका में शुरुआती चार स्थान पर रहने वाली टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की टीम अब तक कोई मैच नहीं हारी है और इन दोनों का सेमीफाइनल खेलना लगभग तय है। वहीं बाकी दो स्थानों के लिए भारत, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच कड़ी टक्कर रहने वाली है।

**सेमीफाइनल में कैसे पहुंचेगा भारत**-अगर भारतीय टीम अपने बाकी तीनों मैच जीते लेती है तो उसके पास 10 अंक होंगे और यह टीम आसानी से सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। हालांकि, इसकी संभावना बेहद कम है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका को हराना भारत के लिए आसान नहीं होगा।

## विराट को चार स्थान का नुकसान, बुमराह को छह पायदान का फायदा, जडेजा दूसरे नंबर पर पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच टेस्ट सीरीज के बाद आईसीसी ने ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी हैं। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को छह पायदान का फायदा हुआ है और वो छठें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं विराट कोहली को चार स्थान का नुकसान हुआ है और बल्लेबाजों की रैंकिंग में वो नौवें पायदान पर फिसल गए हैं। मोहली में टेस्ट में 175 रन की ऐतिहासिक पारी खेलने वाले रवींद्र जडेजा को भी नुकसान हुआ है और ऑलराउंडर की रैंकिंग में वो दूसरे स्थान पर आ चुके हैं। इसके अलावा श्रीलंका के दिमुथ करुणारत्ने को भी आईसीसी रैंकिंग में फायदा हुआ है।

बुमराह ने पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी, न्यूजीलैंड के काइल जेमीसनस, टिम साउदी और नील वैगनर के अलावा ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड और इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन को पछाड़ा है।

**श्रीलंका के खिलाफ सीरीज का असर**

बेंगुलरु टेस्ट में जसप्रीत बुमराह ने श्रीलंका के खिलाफ आठ विकेट लिए थे। उन्होंने घरेलू जमीन पर पहली बार पांच विकेट लेने का कारनामा भी किया था। इसी वजह से उन्हें आईसीसी रैंकिंग में छह स्थान का फायदा हुआ है। वहीं मोहम्मद शमी एक स्थान के फायदे के साथ 17वें स्थान पर आ गए हैं। श्रीलंका के लसिथ एंबुलडेनिया और



जयविक्रमा को पांच पायदान का फायदा हुआ है। एंबुलडेनिया 32वें और जयविक्रमा 45वें पायदान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजों में ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस पहले, रविचंद्रन अश्विन दूसरे और कगिसो रबाडा तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

**बल्लेबाजों में विराट को नुकसान, करुणारत्ने को फायदा**

बल्लेबाजों की रैंकिंग में श्रीलंका के कप्तान दिमुथ करुणारत्ने करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। उन्होंने बैंगलोर टेस्ट की दूसरी पारी में 107 रन की बेहतरीन पारी खेली थी। वहीं विराट कोहली नौवें स्थान पर आ चुके हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम आठवें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन शीर्ष पर बने हुए हैं। जो रूट दूसरे, स्टीव स्मिथ तीसरे और केन विलियमसन चौथे स्थान पर हैं।

**अय्यर और बूनर ने लगाई बड़ी छलांग**

वेस्टइंडीज के बूनर और भारत के श्रेयस अय्यर ने बड़ी छलांग लगाई है। बूनर को 22 और अय्यर को 40 स्थान का फायदा हुआ है। अब बूनर 22वें और अय्यर 37वें स्थान पर आ चुके हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में बूनर ने 123 और नाबाद 38 रन की पारी खेली थी। वहीं अय्यर ने 92 और 67 रन की पारियां खेली थी। इंग्लैंड के जैक क्राउली ने 121 रन बनाए थे और उन्हें 13 स्थानों का फायदा हुआ था। वो 49वें स्थान पर आ चुके हैं।

**ऑलराउंडर में होल्डर शीर्ष पर**

वेस्टइंडीज के स्टार ऑलराउंडर फिर से दुनिया के शीर्ष ऑलराउंडर बन चुके हैं। उन्होंने रवींद्र जडेजा को पीछे छोड़ा है। जडेजा दूसरे, अश्विन तीसरे, शाकिब अल हसन चौथे और बेन स्टोक्स पांचवें स्थान पर बने हुए हैं।

## न्यूजीलैंड ने पर्यटकों के लिए फिर अपनी सीमाएं खोलने का किया ऐलान

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने बुधवार को कहा कि देश में कोरोना वायरस प्रतिबंधों में ढील दी जा रही है और एक मई से पर्यटकों को देश आने की अनुमति होगी, ऐसे में उनका देश ''दुनिया का स्वागत करने के लिए तैयार है'। इस घोषणा के साथ उन्होंने पर्यटकों के लिए सीमाएं खोलने की पूर्व घोषित तारीख में बदलाव किया है, जिसके तहत अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और यूरोप के अधिकांश देशों के पर्यटक अक्टूबर से देश में आ सकते थे। अंतरराष्ट्रीय पर्यटन न्यूजीलैंड की विदेशी आय में लगभग 20 प्रतिशत और सकल घरेलू उत्पाद में पांच प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है। हालांकि, जब महामारी शुरू हुई तो न्यूजीलैंड ने सीमा पर कड़ा प्रतिबंध लागू कर दिया था, जिससे पर्यटन कारोबार ठप हो गया था। इन प्रतिबंधात्मक कदमों को हजारों लोगों की जान बचाने का शुरुआत में श्रेय दिया गया, लेकिन अब पूरे देश में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के फैलने से सीमा प्रतिबंध काफी हद तक अप्रासंगिक हो गए हैं। अर्डर्न ने कहा कि पर्यटन उद्योग खोलने से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, ''दो साल पहले कोविड-19 को रोकने के लिए सीमाएं बंद करना हमारी पहली कार्रवाइयों में से एक था और इसे फिर से खोलने से वर्ष के शेष समय में हमारी अर्थव्यवस्था के सुधार में तेजी आएगी।' नयी घोषणा के तहत, ऑस्ट्रेलिया के पर्यटक 12 अप्रैल से और अन्य वीजा-छूट वाले देशों के पर्यटक एक मई से देश की यात्रा कर सकेंगे। पर्यटकों को अपना देश छोड़ने से पहले और न्यूजीलैंड पहुंचने के बाद कोविड-19 संबंधी जांच करानी होगी और उनके लिए टीकाकरण अनिवार्य होगा।



## दुखदः थियानमेन चौक आंदोलन में हिस्सा लेने वाले कानूनी विद्वान की अमेरिका में हत्या

**न्यूयॉर्क।** चीन में 1989 के थियानमेन चौक लोकतंत्र समर्थक आंदोलन में भाग लेने के बाद अमेरिका से शरण मांगकर वहां बसे कानूनविद ली जिनजिन (66) की न्यूयॉर्क में हत्या कर दी गई। आंदोलन में भाग लेने के बाद उन्होंने दो साल तक चीन में जेल की सजा भी काटी। ली की हत्या न्यूयॉर्क में उनकी कानूनी कंपनी के कार्यालय में की गई। पुलिस ने बताया कि ली जिनजिन की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। वह काफी समय से शहर में बतौर आव्रजन वकील काम कर रहे थे। थियानमेन चौक लोकतंत्र समर्थक आंदोलन के दौरान चीन के अधिकारियों द्वारा कई लोगों को जेल में बंद करने या मारे जाने संबंधी कई मामले उन्होंने उठाए थे। इसे लेकर वे चीनी कम्युनिस्ट अफसरों के निशाने पर आ गए थे।




पुलिस ने बताया कि ली जिनजिन की हत्या के मामले में जियाओनिंग झांग (25) को हिरासत में लिया गया है और उस पर हत्या का आरोप लगाया गया है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उसे अदालत में कब पेश किया जाएगा और उसके पास कोई वकील है या नहीं। ली के मित्र 'चाइना डेमोक्रेसी पार्टी' के सीईओ चुआंग चुआंग चेन और वकील वेई झू ने 'न्यूयॉर्क डेली न्यूज' को बताया कि हो सकता है कि झांग ने उसका मामला लड़ने से मना करने पर ली की हत्या कर दी हो।

## रिपोर्टः 9/11 हमले के पाकिस्तानी मास्टमाइंड को मौत की सजा से बचाने के लिए अभियोजक कर रहे बातचीत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 11 सितंबर (9/11) को हुए हमले के मास्टरमाइंड खालिद शेख मोहम्मद को पाकिस्तान मौत की सजा से बचाने की कोशिश कर रहा है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 9/11 के मास्टरमाइंड खालिद शेख मोहम्मद के वकील और संघीय अभियोजक पाकिस्तानी आतंकवादी और चार अन्य सह-प्रतिवादियों के लिए संभावित याचिका समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जो उनके लिए मौत की सजा की संभावना को कम कर सकता है। रिपोर्ट में इस बात की चर्चा की जानकारी रखने वाले लोगों का हवाला देते हुए कहा गया है कि अभियोजकों ने 58 वर्षीय मोहम्मद और उनके चार सह-प्रतिवादियों के वकीलों के साथ बातचीत शुरू की है ताकि संभावित याचिका समझौते पर बातचीत की जा सके, जो उनके लिए मौत की सजा के निष्पादन की संभावना को कम कर सकता है।

# यूक्रेन में रूसी सेना ने सबवे स्टेशन नष्ट किया; 400 डॉक्टर-मरीज बनाए बंधक, कीव में कर्फ्यू

**कीव।** रूस-यूक्रेन के बीच आज 21वें दिन रूस लगातार यूक्रेनी शहरों में नागरिक इलाकों पर बमबारी कर रहा है। इन हमले के बीच कई भारतीय फंस गए जिन्हें रूसी शहरों के रास्ते वापस लाया जा रहा है। खेर्सोन में फंसे 3 भारतीयों को सिम्फरोपोल और मॉस्को के रास्ते सुरक्षित निकाला गया है। इस बीच, रूस ने मरियुपोल के सबसे बड़े अस्पताल पर कब्जा कर लिया है यहां के डिप्टी मेयर ने कहा कि रूस के सैनिकों ने डॉक्टरों और मरीजों सहित 400 लोगों को बंधक बना लिया है। उन्हें बाहर आने-जाने नहीं दिया जा रहा है। रूसी सेना से घिरे यूक्रेन के मारियुपोल से एक मानवीय गलियारे के जरिए करीब 20,000 लोगों ने बंदरगाह शहर छोड़ दिया। अभी तक इतनी बड़ी संख्या में लोगों ने वहां से पलायन नहीं किया था। इस बीच, रूसी बलों ने कीव पर बमबारी तेज कर दी और एक अपार्टमेंट, एक सबवे स्टेशन और अन्य असैन्य स्थलों को नष्ट कर दिया।



कूटनीतिक मोर्चे पर, एक शीर्ष यूक्रेनी वार्ताकार एवं राष्ट्रपति के सलाहकार मिखाइलो पोदोलियाक ने रूस के साथ ताजा वार्ता को ''बहुत मुश्किल एवं कठिन' बताया और कहा कि दोनों पक्षों के बीच ''मूलभूत विरोधाभास' है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि रूस के संबंध में चीन जो भी फैसला करेगा, उस पर दुनिया की नजर होगी। अमेरिका का यह बयान उन खबरों के बीच आया है, जिसमें दावा किया गया है कि चीन, यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को सैन्य या आर्थिक मदद करने की कोशिश कर रहा है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने मंगलवार को एक सवाल के जवाब में कहा, '' रूस को लेकर हम चीन पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। दुनिया की भी इस पर नजरें गढ़ा रखी हैं।

यूरोपियन यूनियन रेगुलेटर्स ने कुछ बैंकों को यूरोपीय संघ के निवासियों सहित सभी रूसी और बेलारूसी ग्राहकों के लेनदेन की जांच करने को कहा है। यूक्रेन पर हमले को लेकर अमेरिकी सीनेट ने पुतिन के खिलाफ वॉर क्राइम की जांच की मांग वाले प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

NATO सचिव-जनरल जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा- हम चिंतित हैं कि मास्को यूक्रेन में संभवतः रासायनिक हथियारों सहित एक झूठा अभियान चला सकता है।कनाडा सरकार ने 15 और रूसी अधिकारियों पर गंभीर प्रतिबंध लगा दिए हैं। इसमें सरकार और सैन्य वर्ग के लोग शामिल हैं। अब तक 500 रूसी लोगों पर प्रतिबंध लग चुके हैं। ब्रिटेन 370 हाई प्रोफाइल रूसी लोगों पर प्रतिबंध लगा रहा है। इसमें रोमन अब्रामोविच भी शामिल हैं। यूक्रेन ने दावा किया है कि जंग में लगभग 13,500 रूसी सैनिक मारे गए हैं। कई मिलिट्री इक्विपमेंट्स को भी तबाह किया गया है।

## अमेरिकी अधिकारी ने कहा, रूस की ओर चीन के झुकाव को लेकर हम बेहद चिंतित हैं

**वेलिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने रोम में चीन के अपने समकक्ष यांग जिएची के साथ मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंध तथा यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। व्हाइट हाउस ने बताया कि क्वाड शिखर सम्मेलन के दो हफ्ते बाद और मौजूदा यूक्रेनी संकट के बीच दोनों अधिकारियों के बीच यह मुलाकात हुई है। प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, मौजूदा हालात में, रूस की ओर चीन के झुकाव को लेकर हम बेहद चिंतित हैं। यह पूर्व निर्धारित बैठक रोम में सात घंटे तक चली। अधिकारी ने बताया कि बैठक के दौरान सुलिवन ने यांग जिएची को अमेरिका और उसके सहयोगियों तथा भागीदारों की एकता, खासकर अपने यूरोपीय तथा नाटो सहयोगियों के साथ अभूतपूर्व समन्वय और रूस के खिलाफ कार्रवाई के लिए एशिया प्रशांत सहयोगियों के योगदान के बारे में जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, उन्होंने रूस-यूक्रेन मामले पर व्यापक बातचीत की और इस दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने उन्हें बताया कि हम अभी कहां हैं, हम यहां तक कैसे पहुंचे, और हम आगे क्या खतरे देख रहे हैं। उन्होंने बताया कि दोनों अधिकारियों ने संकट और रणनीतिक जोखिमों से निपटने के तरीकों पर भी चर्चा की। राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन जी-7 और उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) भागीदारों से परे एक वैश्विक गठबंधन बनाने की दिशा में काम कर रहा है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने बताया कि चीन, भारत, ब्राजील और मेक्सिको जैसे कुछ देश रूस के खिलाफ अमेरिका के आर्थिक युद्ध का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन इससे रूस के खिलाफ जो बाइडन प्रशासन के प्रयास कमजोर नहीं हुए हैं।



## यूक्रेन युद्ध के खिलाफ ब्रिटिश पीएम का आह्वान - रूस पर तेल व गैस की निर्भरता खत्म करे दुनिया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने यूक्रेन पर युद्ध के विरोध में रूस के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन बनाने और उसके तेल एवं गैस निर्यात पर निर्भरता खत्म करने के अभियान की घोषणा की है।

इस कवायद के तौर पर वह बुधवार को खाड़ी क्षेत्र की यात्रा आरंभ करेंगे। जॉनसन का अबू धाबी और रियाद में ऊर्जा, क्षेत्रीय सुरक्षा और मानवीय राहत पर वार्ता के लिए नेताओं से मुलाकात करने का कार्यक्रम है।डाउनिंग स्ट्रीट ने इस वार्ता को यूक्रेन में संकट पर वैश्विक कार्रवाई प्रेरित करने के लिए ब्रिटेन की कोशिश बतायी है।

नेताओं के रूस-यूक्रेन संकट के बीच ऊर्जा सुरक्षा में सुधार लाने और वैश्विक ऊर्जा एवं खाद्य कीमतों में अस्थिरता कम करने के प्रयासों पर चर्चा करने की संभावना है। जॉनसन ने यात्रा से पहले कहा, ''राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन पर जो क्रूर और बिना उकसावे का हमला किया है, उसके दुनियाभर, यूरोप की सीमाओं के बाहर भी दूरवर्ती परिणाम होंगे।' उन्होंने कहा, ''ब्रिटेन नयी वास्तविकता से निपटने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बना रहा है। दुनियाभर को हाइड्रोकार्बन और तेल एवं गैस के लिए रूस पर निर्भरता कम करनी चाहिए।



इस प्रयास में सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात अहम अंतर्राष्ट्रीय साझेदार हैं। हम दीर्घकाल में क्षेत्रीय सुरक्षा, मानवीय राहत प्रयास के लिए समर्थन और वैश्विक ऊर्जा बाजार को स्थिर करने के लिए उनके साथ काम करेंगे।'

जॉनसन संयुक्त अरब अमीरात में शहजादे मोहम्मद बिन जायेद से बातचीत करेंगे और इसके बाद सऊदी अरब में शहजादे मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात करेंगे।

इस यात्रा का उद्देश्य रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के शासन पर कूटनीतिक और आर्थिक दबाव बढ़ाने के लिए एक साथ मिलकर काम करने की महत्ता उजागर करना है।

## उत्तर कोरिया का मिसाइल प्रक्षेपण विफल, हवा में ही हो गया विस्फोट

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की सेना ने बताया कि उत्तर कोरिया ने अपने राजधानी क्षेत्र से बुधवार को एक मिसाइल प्रक्षेपित की, जिसमें हवा में विस्फोट हो गया। उत्तर कोरिया द्वारा यह प्रक्षेपण ऐसे समय में किया गया है, जब उसके द्वारा सबसे लंबी दूरी की मिसाइल प्रक्षेपित किए जाने की अटकलें तेज हैं। इस साल उत्तर कोरिया द्वारा किया गया यह 10वां प्रक्षेपण है, जिससे स्पष्ट हो गया है कि उत्तर कोरिया अपने शस्त्रागार को आधुनिक बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है और ठप पड़ी परमाणु निरस्त्रीकरण वार्ता के बीच अपने प्रतिद्वंद्वियों पर रियायतें देने के लिए इसके जरिए दबाव डालना चाहता है।

मिसाइल में विस्फोट होने से जुड़ी विस्तृत जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। दक्षिण कोरियाई सेना के एक अधिकारी ने नाम उजागर ना करने की शर्त पर बताया कि उड़ान भरते समय लगभग 20 किलोमीटर (12.4 मील) की ऊंचाई पर उत्तर कोरियाई मिसाइल में विस्फोट हो गया। विस्फोट का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। इससे पहले, दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने एक बयान में बताया था कि प्योंगयांग क्षेत्र से सुबह करीब साढ़े नौ बजे किया गया प्रक्षेपण विफल रहा। दक्षिण कोरिया और अमेरिका के खुफिया अधिकारी प्रक्षेपण के विवरण का विश्लेषण कर रहे हैं।



अमेरिका हिंद-प्रशांत कमान ने बाद में बताया कि उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किया है, लेकिन यह जानकारी नहीं दी कि यह एक असफल प्रक्षेपण था या नहीं। कमान ने एक बयान में कहा कि प्रक्षेपण अमेरिकी क्षेत्र और उसके सहयोगियों के लिए तत्काल कोई खतरा उत्पन्न नहीं करता। साथ ही उसने उत्तर कोरिया से अस्थिर करने वाले कृत्यों से दूर रहने का आह्वान किया।

जापान मंत्रिमंडल के मुख्य सचिव हिरोकाज़ु मात्सुनो ने पत्रकारों से कहा कि बैलिस्टिक मिसाइल के प्रक्षेपण की पुष्टि नहीं हुई है और जापान, अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ मिलकर काम कर रहा है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आखिर हुआ क्या था।

विशेषज्ञों का कहना है कि पिछली विफलताओं के बावजूद उत्तर कोरिया व्यवहार्य परमाणु शस्त्रागार प्राप्त करने के अपने लक्ष्य के करीब बढ़ रहा है, जो अमेरिकी सरजमीं के लिए एक बड़ा खतरा हो सकता है।

## चीन में फूटा कोरोना बम : 13 शहर पूरी तरह बंद, घरों में कैद हुए पांच करोड़ लोग

**बीजिंग।** चीन में पिछले तीन दिनों से कोरोना संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। पिछले 24 घंटे में देश में 5,280 नए मामले दर्ज हुए हैं जिनमें 3,507 घरेलू केस हैं। महामारी की वुहान से हुई शुरुआत के बाद से दूसरी बार ये सर्वाधिक मामले हैं। बढ़ते मामलों को देखते हुए चीन के 13 शहरों और काउंटियों में लॉकडाउन लगा दिया गया है। जानकारी के मुताबिक वायरस के ओमिक्रॉन वैरिएंट का नया स्वरूप देश में फैल चुका है। मौजूदा लहर में कोरोना से सर्वाधिक प्रभावित जिलिन प्रांत है। इसके अलावा चीन का तकनीकी हब कहे जाने वाले शेनझेंग प्रांत में भी सख्त पाबंदियां लगा दी गई हैं। कोरोना की वजह से लगाए गए लॉकडाउन के कारण करीब 5 करोड़ चीनी नागरिक अपने घरों में कैद होकर रह गए हैं। देश भर में करीब 13 शहर मंगलवार तक पूरी तरह से बंद कर दिए गए हैं और कई अन्य शहरों में भी आंशिक तालाबंदी की गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि चीन में बढ़ते कोरोना मामलों से उसकी बेहद सख्त 'जीरो कोविड नीति' अप्रभावी साबित हो रही है। औद्योगिक शहर शंघाई में कड़े नियम एक बार फिर से आवासीय इलाकों और ऑफिस परिसर में लागू कर दिए गए हैं। शहर में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। जिलिन प्रांत में अस्थायी अस्पताल का निर्माण शुरू किया जा चुका है। उम्मीद है कि एक सप्ताह में 6,000 बेड का अस्थायी अस्पताल यहां शुरू हो जाएगा। चीन में अक्सर महामारी पीड़ितों का सही आंकड़ा उजागर नहीं करने का आरोप लगता रहा है। लेकिन इस बार पहले से ही संक्रमण के हालात विकट हो चुके थे। इसका पता इसी बात से चलता है कि जिलिन प्रांत में 12 मार्च तक तीन अस्थायी अस्पताल पहले ही बनाए जा चुके हैं।

## 'सुप्रीम' फैसले के बाद भी जमींदार रहे हिंदू परिवार को नहीं मिला भूमि पर कब्जा, पाई-पाई को मोहताज सूरी बी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत स्थित कंबर शाहदादकोट में जमींदार रह चुके हिंदू परिवार की बहू सूरी बी इन दिनों एक-एक पाई को मोहताज हैं। उनकी जमीन पर 1963 में दबंग कट्टरपंथियों ने कब्जा कर लिया और तब से वह जमीन से बेदखल हैं। पाक सुप्रीम कोर्ट ने दो बार उनके पक्ष में फैसला सुनाया लेकिन बेटों और देवर के साथ गांव में जाने पर हथियारबंद लोग धमकी देकर उन्हें निकाल देते हैं। सूरी बी इन दिनों पीपुल्स पार्टी के लॉन्ग मार्च में अपने परिवार के साथ इस्लामाबाद पहुंच कर प्रदर्शन कर रही हैं। इस प्रदर्शन में उनके बेटे कैलाश कुमार भी शामिल हैं। सूरी बी का कहना है, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मैं जब भी अपनी जमीन पर गई वहां के अधिकारी कब्जे के कागजात पर दस्तखत धमकियां देकर हमें वहां से निकाल देते हैं।

कैलाश कुमार और उनकी मां सूरी बी दशकों से अपनी जमीनों का कब्जा हासिल करने के लिए इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्हें इसमें कोई खास सफलता नहीं मिली है। उन्होंने कहा, हमारे पूर्वज बंटवारे के दौरान हिंदू होने के बावजूद, पाकिस्तान और सिंध को छोड़ कर नहीं गए, इसकी हमें इतनी कड़ी सजा मिल रही है कि मेरे बच्चे गरीब होने के साथ-साथ एक-एक पैसे के मोहताज हो गए हैं।




**अपनी ही जमीन से बेदखल हुआ परिवार**

सूरी बी के बड़े बेटे कैलाश कुमार कहते हैं, यह घटना हमारे पैदा होने से भी पहले की है। हमारे पास कंबर जिले में करीब 238 एकड़ कृषि भूमि थी। उस समय हमारे दादा के पास काम करने वालों ने धोखे से इस पर कब्जा कर लिया।

हम अल्पसंख्यक और कमजोर थे। हमारे दादाजी को न केवल डराया धमकाया गया, बल्कि जाली दस्तावेज बनाकर दीवानी अदालत में एक मुकदमा भी किया गया। हर फैसला हमारे पक्ष में रहा। लेकिन हम आज भी खाली हाथ हैं। अब उन्हें अपना गृह जिला भी छोड़ना पड़ा जबकि चाचा को पाकिस्तान तक छोड़ना पड़ गया।

## भारत-रूस तेल सौदाःअमेरिका बोला- हमारे प्रतिबंधों का उल्लंघन नहीं, लेकिन इतिहास याद रखेगा तब आप किधर खड़े थे

**वाशिंगटन।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच लगे प्रतिबंधों के बाद रूस की ओर से भारत को रियायती दरों पर कच्चे तेल की पेशकश की गई है। भारत इस प्रस्ताव पर अभी विचार ही कर रहा है, लेकिन इससे पहले ही भारत के रुख पर दुनिया की नजरें जम गई हैं। अमेरिका का कहना है कि अगर, भारत इस प्रस्ताव को स्वीकार करता है, तो यह अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन नहीं होगा। हालांकि, यह सौदा भारत को गलत पक्ष में जरूर खड़ा कर देगा।



**इतिहास देखेगा तब आप कहां खड़े थे**

व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा कि, मुझे नहीं लगता इस सौदे से अमेरिकी प्रतिबंधों का कोई उल्लंघ होगा। लेकिन, हमें यह याद रखना होगा जब आज के समय की इतिहास की किताबें लिखी जाएंगी, तब आप किधर खड़े थे। साकी ने कहा कि, किसी भी देश के लिए हमारा संदेश यह है कि उन प्रतिबंधों का पालन करें जिनकी हमने सिफारिश की है।

**भारत सुनिश्चित करे कि वह रूस के आक्रमण का समर्थन न करे**

भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद डॉ. अमी बेरा ने भी उन रिपोर्ट पर निराशा जताई है, जिनमें कहा गया है कि भारत भारी छूट वाले रूसी प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। बेरा ने कहा कि इतिहास देखेगा कि यूक्रेन पर आक्रमण के विरोध में दुनिया उसके समर्थन में खड़ी थी, तब आपने रूस के साथ रहना पसंद किया। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और क्वाड नेता के रूप में भारत की जिम्मेदारी है कि वह सुनिश्चित करे कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वह पुतिन और उनके आक्रमण का समर्थन नहीं करता।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

## संयुक्त राष्ट्र ने चेताया, रूस-यूक्रेन युद्ध से मानव तस्करी का खतरा बढ़ा

कीव। यूक्रेन पर रूसी हमले के 21वें दिन संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस युद्ध को लेकर बेहद गंभीर चेतावनी जारी की है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने चेताया है कि रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध से अन्य संकटों के साथ मानव तस्करी का खतरा भी पैदा हो गया है। साथ ही बीते 21 दिनों में यूक्रेन से पलायन करने वालों की संख्या भी तीस लाख पार कर गयी है ।तमाम अंतरराष्ट्रीय कोशिशों के बावजूद रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार जारी युद्ध के प्रति चिंता जाहिर करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने ट्वीट कर कहा है कि मानव तस्करों के लिए यूक्रेन में जारी युद्ध एक आपदा नहीं है। वे इसे अवसर मान रहे हैं

और बच्चे व महिलाएं उनके निशाने पर हैं। उन्हें हर कदम पर मदद व सुरक्षा की जरूरत है।

संयुक्त राष्ट्र से जुड़ी संस्थाएं यूक्रेन से हो रहे पलायन को लेकर तो चिंतित थी हीं, अब मानव तस्करी का खतरा चिंताजनक स्थितियों में सामने आया है। युद्ध के शुरूआती 21 दिनों में अब तक यूक्रेन छोड़कर जाने वालों की संख्या तीस लाख से अधिक हो चुकी है। ये लोग आसपास के देशों में शरण ले रहे हैं। तमाम बच्चे व महिलाएं मानव तस्करों के चंगुल में फंसने को भी मजबूर हैं। यूनिसेफ के मुताबिक यूक्रेन में रोज लगभग 75 हजार बच्चे शरणार्थी बन रहे हैं। युद्ध के कारण हर एक मिनट में यूक्रेन के 55 बच्चे शरणार्थी बनने को विवश हैं यानी हर सेकंड औसतन एक बच्चा शरणार्थी बन जाता है। इस स्थिति से निपटने के लिए तुरंत युद्ध रोकने और शरणार्थियों को मानव तस्करों से बचाने के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की गयी है।

